डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

रॉयल पत्रिका न्यूज़ पेपर, वेबसाइट और डिजिटल में विज्ञापन के लिए संपर्क करें - 9799559096

# रॉयल पत्रिका

मुस्लिम रिश्तों और नौकरियों के लिए पढ़े पेज 5

वर्ष :19 | अंक : 27 | पेज: 8 | जयपुर, सोमवार, 05 अगस्त से 11 अगस्त 2024 | साप्ताहिक | मूल्य: 5 रुपए

## वक्फ बोर्ड एक्ट में बदलाव को लेकर घमासान

**-मुस्लिम संगठनों ने वक्फ बोर्ड एक्ट में बदलाव का विरोध करना शुरू कर दिया है**

**एम. खान**

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । भाजपानीत केंद्र सरकार की ओर से वक्फ बोर्ड एक्ट में बदलाव करने के लिए संसद में प्रस्ताव लाने की चर्चा जोरों पर है । मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड सहित विभिन्न मुस्लिम नेताओं, संगठनों एवं संस्थाओं ने वक्फ बोर्ड एक्ट में किसी भी तरह के बदलाव का विरोध शुरू कर दिया है, दूसरी तरफ भाजपा नेताओं और हिंदूवादी नेताओं ने वक्फ बोर्ड एक्ट को समाप्त करने की मांग करना शुरू कर दी है । वैसे तो वक्फ बोर्ड एक्ट में समय-समय पर बदलाव होते रहे हैं । लेकिन क्योंकि यह बदलाव मोदी सरकार द्वारा किया जाने वाला है तो जाहिर है कि मुसलमान के पक्ष में नहीं आने वाला है । ऐसी मुस्लिम समाज की धारणा है । वक्फ बोर्ड एक्ट में क्या बदलाव किया जाएगा, यह तो एक्ट को संसद में प्रस्तुत होने के बाद ही पता चल पाएगा । लेकिन यह तय है कि वक्फ की जमीनों पर सबसे ज्यादा कब्जा सरकारों का ही है । चर्चा तो यह भी है कि मुकेश अंबानी का मुंबई में बना मकान एंटीलिया भी वक्फ प्रॉपर्टी पर ही बना है ।

**वक्फ बोर्ड एक्ट में बदलाव से कौन प्रभावित होगा -** वक्फ बोर्ड एक्ट में बदलाव से प्रभावित अधिकतर मुस्लिम समाज के लोग ही होंगे, दूसरे समुदाय के लोगों पर इसका ज्यादा असर नहीं पड़ने वाला है । वक्फ बोर्ड के बाद सेना और रेलवे के पास सबसे ज्यादा जमीन जायजाद हैं । इनका फायदा और नुकसान मुसलमान को ही होता है वक्फ प्रॉपर्टी से होने वाली आमदनी को गरीब, असहाय, बीमारों, विकलांगों एवं मुस्लिम समाज की तालीम के लिए खर्च करने का प्रावधान है । लेकिन वक्फ प्रॉपर्टियों को खुर्दबुर्द




करने में, बेचने में, बर्बाद करने में, कब्जा करने में भी मुस्लिम समुदाय के लोग ही सबसे ज्यादा शामिल हैं । मुस्लिम समाज के लोग वक्फ इंतजामियां कमेटियों में एक बार शामिल होने के बाद अपनी जिंदगी में फिर नहीं हटना चाहते हैं। कई जगह तो देखा गया है कि वक्फ प्रॉपर्टी की तौलियत कमेटी बनवाकर अपनी औलादों का कब्जा करवाने में पीछे नहीं रहते हैं । इसलिए वक्फ बोर्ड को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाने वाले लोग मुस्लिम समाज के ही हैं और सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड एक्ट में बदलाव लाने से भी सबसे ज्यादा मुस्लिम समुदाय के लोग ही प्रभावित होंगे ।

## आरक्षण के अंदर आरक्षण का विरोध शुरू

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था दी है कि एससी, एसटी वर्गों में भी कैटेगिरी बनाई जा सकती है । इन वर्गों में जिन जातियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है, उन्हें सब कैटेगिरी बनाकर आरक्षण का लाभ दिया जा सकता है । भाजपा के बहुत से नेता आरक्षण के विरोध में पहले से ही हैं और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ हमेशा ही आरक्षण का विरोध करता रहा है । एसटी, एससी को आरक्षण छुआछूत और सामाजिक भेदभाव के आधार पर मिला हुआ है । वर्तमान में भी सर्वोच्च पदों पर बैठे दलितों के साथ कई सार्वजनिक स्थानों पर भेदभाव देखा जा सकता है । जब आरक्षण छुआछूत के आधार पर है और छुआछूत और भेदभाव अभी भी दिखाई दे रहा है तो कैटेगिरी किस आधार पर बनाई जाएगी । जिस वर्ग को छुआछूत के आधार पर आरक्षण मिला है, उसमें आर्थिक आधार पर वर्गीकरण कैसे किया जा सकता है ?



**क्या यह दलित/पिछड़ों और सवर्णों के बीच सत्ता की लड़ाई है -** देश की आजादी के बाद एससी, एसटी एवं पिछड़ों को सरकार द्वारा बराबरी पर लाने के लिए आरक्षण दिया गया । आरक्षण की व्यवस्था करने में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का बड़ा योगदान था । जबकि सवर्ण वर्ग आरक्षण का हमेशा से विरोध करता आया है । आरक्षण के कारण दलित और पिछड़ों की आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक एवं राजनीतिक स्थिति में बदलाव आया है । राजनीतिक दृष्टि से आरक्षित वर्ग काफी मजबूत हुआ है और देश की सत्ता की ओर बढ़ रहा है । देश की करीब 70 प्रतिशत हिंदू आबादी दलित और पिछड़ों की है, जबकि सवर्ण वर्ग की आबादी मात्र 10-12 प्रतिशत ही है । लेकिन देश की सत्ता में वर्चस्व अभी भी सवर्णों का है । सवर्णों को डर है कि दलित और पिछड़ी जातियों के लोग जल्दी ही शासन करने लगेंगे । यही कारण है कि किसी न किसी बहाने दलित और पिछड़ों को सत्ता में आने से रोकने के लिए उलझाया जा रहा है, उन्हें आपस में फंसाया जा रहा है । सुप्रीम कोर्ट का निर्णय तो एक बहाना है, सही मायने में दलितों और पिछड़ों को सत्ता में आने से रोकना है । न्यायपालिका में आरक्षण नहीं है । निर्णय करने वाले 7 जजों में एकमात्र न्यायाधीश आरक्षित वर्ग से थे ।

### बांग्लादेश में अब सेना का राज! शेख हसीना का इस्तीफा

ढाका (एजेंसी)। बांग्लादेश हिंसा की आग में झुलस रहा है। बांग्लादेश में भड़की हिंसा में अब तक 300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। अब बांग्लादेश में तख्तापलट की आहट सुनाई देने लगी है। इस बीच बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीन ने पद से इस्तीफा दे दिया है। शेख हसीना ढाका छोड़कर किसी सुरक्षित जगह पर चली गई हैं। न्यूज एजेंसी एएफपी ने यह जानकारी दी है। सूत्रों के मुताबिक, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना राजधानी ढाका छोड़कर जा चुकी हैं। ढाका में हिंसक झड़पों के बीच उन्हें सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है। एजेंसी एएफपी को दिए एक बयान में शेख हसीना के करीबी सूत्र ने बताया, 'शेख हसीना अपनी बहन के साथ गणभवन (प्रधानमंत्री का आधिकारिक आवास) से सुरक्षित जगह के लिए निकल गई हैं। उन्होंने बताया, 'वो देश के नाम एक भाषण रिकॉर्ड करना चाहती थीं, लेकिन उन्हें मौका नहीं मिल पाया।

## जलदाय विभाग में ऊपर से लेकर नीचे तक भ्रष्टाचार, मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने किया स्वीकार

**-जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी की यह ईमानदारी और हिम्मत है कि उन्होंने जलदाय विभाग की सच्चाई को स्वीकार किया है**

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । जलदाय विभाग में भ्रष्टाचार है और ऊपर से लेकर नीचे तक फैला हुआ है यानि बाबू से लेकर अफसर, इंजीनियर तक सभी ओर भ्रष्टाचारी हैं और रिश्वतखोर हैं । भ्रष्टाचार भी इतना गहरा फैला हुआ है कि अगर गहनता से जांच हो तो शायद विभाग में कोई कर्मचारी ही ना बचे, क्योंकि सबको सस्पेंड करना पड़े । पूरे महकमे को पर केवल आरोप लगाने से जनता का भला नहीं हो सकता । जलदाय विभाग में केंद्र एवं राज्य सरकार बड़ा फंड उपलब्ध करवाती है । लेकिन इस फंड को मंत्री से लेकर विभाग के अधिकारियों में बांट दिया जाता है । पूर्व मंत्री महेश जोशी और आईएएस सुबोध अग्रवाल के यहां भ्रष्टाचार के आरोप में ईडी छापे डाल चुकी है । सभी जानते हैं कि मंत्री महेश जोशी




भ्रष्ट बताने का सच स्वीकार करने वाले बहुत चर्चित जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी स्वयं है । प्रदेश में भाजपा सरकार है । आठ महीने में भजनलाल सरकार के जलदाय मंत्री यह तो स्वीकार कर रहे हैं कि विभाग में भ्रष्टाचार है, यह उनकी ईमानदारी और हिम्मत मानी जा सकती है । लेकिन मंत्री ने भ्रष्टाचार रोकने और पीने के पानी की विकास योजनाओं को कैसे पूरा करेंगे, यह नहीं बताया है क्योंकि विभाग में बाबू, इंजीनियर और अधिकारी सब भ्रष्ट हैं और काम इन्हीं से लेना है क्योंकि समझने की बात है कि अधिकारियों और इंजीनियरों के मंत्री रहते जलदाय विभाग में पाईप खरीद, पाईपलाईन खुदाई, पानी की टंकी एवं नलकूप खुदाई में बड़े पैमाने पर कमीशन खोरी की गई, यह कमीशन खोरी यदि भजनलाल सरकार और उसके मंत्री कन्हैया लाल चौधरी नहीं रोक पाए हैं तो उनकी बातों को केवल राजनीतिक स्टंट ही माना जाएगा । जलदाय विभाग आम जनता को समय पर पीने का पानी उपलब्ध करवाने में नाकाम रहा है, यह सभी जानते हैं । यदि जलदाय मंत्री विभाग में भ्रष्टाचार नहीं रोक पा रहे हैं तो यह भाजपा की भजन लाल सरकार की नाकामी मानी जाएगी ।

## मदरसा बोर्ड सचिव शाह ने लिया वीआरएस

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । सीनियर आरएएस अधिकारी और राजस्थान मदरसा बोर्ड के सचिव सैयद मुकर्रम शाह ने 31 अगस्त, 2024 को वीआरएस ले लिया है । उनके वीआरएस आवेदन शाह वक्फ बोर्ड में भी सीईओ के पद पर रहे हैं और वक्फ बोर्ड के विकास में अच्छी भूमिका निभाई थी । मदरसा बोर्ड सचिव पद से रिटायरमेंट के दिन 31 जुलाई, 2024 को मदरसा बोर्ड एवं



को सरकार ने मंजूरी दे दी थी । शाह को 1 अगस्त, 2024 से वीआरएस दिया गया है । सीनियर आरएएस मुकर्रम शाह एक मेहनती एवं ईमानदार अधिकारी माने जाते हैं । मदरसा बोर्ड में उन्होंने 2 वर्ष में काफी अच्छा काम किया है । अल्पसंख्यक विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों ने शाह का जोरदार स्वागत किया और विदा किया । विदाई समारोह में मुकर्रम शाह का सम्मान किया एवं सभी को खाना खिलाया ।

## प्रदेश की सभी सरकारी बिल्डिंग्स पर लगेंगे रूफटॉप सोलर

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । इसके लिए राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम ने जारी किया टेंडर, 25 साल के लिए ऑपरेशन एंड मेंटीनेंस के आधार पर टेंडर, 1000 मेगावॉट क्षमता के लगाए जाएंगे रूफटॉप सौलर, सबसे ज्यादा जयपुर जिले में 400 मेगावॉट क्षमता के प्लांट लगेंगे, सबसे कम 3.27 मेगावॉट का राजसमंद जिले में सौलर प्लांट, प्रदेश में इससे बिजली की बड़ी मांग होगी पूरी, बिडर को कम से कम 5 मेगावॉट और अधिकतम 100 मेगावॉट तक ही जारी होंगे टेंडर, इसके लिए 8 अगस्त को होगी प्री-बिड मीटिंग, 29 अगस्त तक टेंडर में ले सकेंगे भाग, 30 अगस्त को टेंडर होगा ओपन, पहले कम से कम 1 मेगावॉट सौलर प्लांट लगाने का होना चाहिए अनुभव

## कांग्रेस विधायक रफीक खान को चीफ व्हिप बनाकर प्रदेश के मुसलमानों को खुश करने की कोशिश

**-विधानसभा में चीफ़ व्हिप का काम सिर्फ पार्टी विधायकों को अनुशासन में रखने तक ही सीमित है**

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । मुसलमान सिर्फ कांग्रेस का वोट बैंक बनकर रह गया है । कांग्रेस पार्टी उनको देना कुछ नहीं चाहती है । अभी हाल ही में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़के ने विधायक रामकेश मीना को विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष और विधायक रफीक खान को विधानसभा में व्हिप नियुक्त किया है । कांग्रेस अध्यक्ष पद पर गोविंद सिंह डोटासरा हैं और जाट समुदाय से आते हैं । कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष का पद सबसे ताकतवर माना जाता है । इसी तरह विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विधायक टीकाराम जूली हैं और दलित समुदाय से आते हैं । नेता प्रतिपक्ष को विधानसभा में काफी महत्वपूर्ण अधिकारों के साथ-साथ कैबिनेट मंत्री की सुविधा मिलती है । इसी तरह विधायक रामकृष्ण मीना को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है और इनको राज्य मंत्री की सुविधा मिलती है और



मीना समुदाय से आते हैं । लेकिन मुस्लिम समाज से विधायक रफीक खान को विधानसभा में कांग्रेस पार्टी विधायकों का व्हिप बनाया गया है । जिसका काम सिर्फ कांग्रेस विधायकों को अनुशासन में रहने के लिए कहना और मतदान के अवसर पर पार्टी की मंशा के अनुसार वोटिंग करने के लिए व्हिप जारी करना है । कांग्रेस पार्टी का यह मुस्लिम समुदाय के साथ पक्षपात है । विधायक रफीक खान योग्यता में किसी दूसरे नेता से काम नहीं हैं । प्रदेश में मुस्लिम समुदाय के 11% वोटर हैं, जो कांग्रेस की मजबूती के लिए हमेशा पीछे खड़े रहते हैं ।

## यूथ कांग्रेस में 93 प्रदेश पदाधिकारियों और 43 जिला प्रभारियों की नियुक्ति

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । राजस्थान यूथ कांग्रेस में बदलाव कर पुराने पदाधिकारियों को हटाकर नए लोगों को जिम्मेदारी देने का सिलसिला शुरू हो गया है । युवा कांग्रेस ने फैसला लेते हुए 60 लोगों को पद मुक्त किया है, जिसमें प्रदेश महासचिव और सचिव शामिल हैं । इसके साथ ही 43 जिला प्रभारियों और 93 प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है । सूची में प्रदेश सचिव पद पर सदस्य सद्दाम हुसैन हेबतका, रोहित इंदौरा, मुकेश भींचर, राजा प्रताप सिंह, राजेंद्र चौधरी, बरकत अली, विक्रम, महेश ढाका एवं यासीन कुरैशी सहित अनेक नाम शामिल हैं । दो दिन चली मंथन बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष



अभिमन्यु पूनिया और कार्यकारी अध्यक्ष सुधींद्र मुंड व यशवीर सूरा ने प्रदेश पदाधिकारियों का फीडबैक रिपोर्ट तैयार कर प्रदेश प्रभारी मोहम्मद शाहिद और शहर प्रभारी अरूणा महाजन को सौंपा, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया है । अब विधानसभा अध्यक्षों की जगह नए अध्यक्षों को मौका दिया जाएगा ।

Mahim Bairathi : 8505094017

NAZEER STEELS

Deals in: H.R Sheets, MS Plate, Cutting, MS Angle, MS Channel & All Iron

Shop No. 16, Sansar Chandra Road, Dudu Bagh Jaipur (Raj.) 302001



# रणथम्भौर टाइगर रिजर्व बनेगा प्लास्टिक मुक्त

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। बिस्लरी बोटल्स चेन्ज प्रोग्राम के सीएसआर वेस्ट मैनेजमेंट के अन्तर्गत पहली बार विशाल पायलट प्रोजेक्ट के रूप में रणथम्भौर टाइगर रिजर्व व उसके आस पास के क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला कलक्टर डॉ। खुशाल यादव एवं सीसीएफ अनूप के। आर। के संयुक्त नेतृत्व में बिस्लरी कम्पनी के प्रतिनिधियों द्वारा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पावर पॉइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से उनके द्वारा किए जाने वाले प्रशिक्षण व कार्य योजना के बारे में विस्तार से प्रस्तुतिकरण दिया गया।

जिला कलक्टर ने कहा कि होटल्स में कार्य करने वाले कार्मिक, पर्यटक व गाइड इस संबंध में जागरूक हैं। परन्तु हमें धार्मिक पर्यटक के रूप में त्रिनेत्र गणेश में मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को इस संबंध में जागरूक करने के लिए विशेष रूप से कार्य करना होगा ताकि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जा सके।

उन्होंने रणथम्भौर किले में श्रद्धालुओं के लिए वर्तमान में लगाई गई प्याऊओ को और अधिक विकसित करने के साथ-साथ नई प्याऊ लगाने का सुझाव भी दिया ताकि श्रद्धालुओं को प्यास लगने पर अनावश्यक पानी की बोतल क्रय नहीं करनी पड़े और प्लास्टिक की बोतल का उपयोग ना हो। इसके साथ-साथ आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जगह-जगह प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र के साईनेज लगवाए जाए।



सीसीएफ अनूप के. आर. ने बताया कि नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्लास्टिक बोतल के उपयोग से वन एवं वन्यजीव को होने वाले खतरों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से बिस्लरी कम्पनी द्वारा रणथम्भौर बोतल्स फॉर चेंज कार्यक्रम चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से रणथंभौर टाइगर रिजर्व और त्रिनेत्र गणेश मंदिर के आसपास साइनेज के माध्यम से श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को प्लास्टिक का उपयोग न करने के संबंध में साईनेज लगाए जाए।

आरटीआर एवं इसके आस पास के क्षेत्र को पूर्णत प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए बिस्लेरी कंपनी स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए बिस्लरी कम्पनी एक सप्ताह के अन्दर अपनी कार्ययोजना बनाकर सीसीएफ कार्यलय को उपलब्ध कराएगी और एक सितंबर से कार्य प्रारम्भ किया जाएगा।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरिराम मीना, एसडीएम अनिल चौधरी, डीएफओ डॉ। आर। एन। भाकर, बिस्लरी निदेशक गणेश, तहसीलदार मुकेश कुमार अग्रवाल, नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह, कैलाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर ने डेकवा में रात्रि चौपाल कर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की मंशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान व निराकरण करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला कलक्टर डॉ। खुशाल यादव की अध्यक्षता मं् पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा की ग्राम पंचायत डेकवा के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ।



जिला कलक्टर ने रात्रि चौपाल में आमजन की समस्याएं सुनकर सड़क, बिजली, पेयजल संबंधी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए है।

रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति जागरूक होकर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की बात कहीं। उन्होंने डेकवा में उचित मूल्य की दुकान पर राशन डीलर द्वारा अनियमित राशन वितरण की शिकायत पर प्रकरण की जांच करवाकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिला रसद अधिकारी को प्रदान किए। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा आम रास्तों पर अतिक्रमण की शिकायत पर विकास अधिकारी चौथ का बरवाड़ा एवं पटवारी को प्रशासन के सहयोग से आम रास्तों से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने अतिक्रमण हटाने के बाद दुबारा फिर से अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश भी प्रदान किए है। उन्होंने ग्राम पंचायत में कीचड़ के कारण अवरूद्ध रास्तों को पुनः सुचारू करवाने के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरिराम मीना को निर्देशित किया कि विकास अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी को खराब रास्तों पर मोरम डलवाकर ग्रामीणों को तत्काल राहत प्रदान करें। रात्रि चौपाल में पटवार घर भूमि आवंटन करने, आंगनबाड़ी केन्द्र, आम रास्तों से अतिक्रमण हटवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने संबंधी प्रकरण प्राप्त हुए।

जिला कलक्टर ने कहा कि जिन ग्रामीणों का प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम नहीं आया है उन्हें केटलशेड निर्माण योजना का लाभ प्राथमिकता के आधार पर प्रदान किया।

उन्होंने मनरेगा में कार्य करने के इच्छुक ग्रामीणों के नाम नोट कर सभी को मनरेगा में रोजगार उपलब्ध करवाने के लिये विकास अधिकारी को निर्देशित किया।

ग्रामीणों द्वारा आम रास्तों पर अतिक्रमण हटवाने की मांग पर जिला कलक्टर ने ग्रामीणों द्वारा आपसी सहमति से अतिक्रमण हटाने की अपील की। सहयोग न करने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए आबादी क्षेत्र में आम रास्तों पर हो रहे अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश उपखण्ड अधिकारी को दिए।

इस दौरान कलक्टर ने ग्रामीणों से देवपुरा-कुस्तला रेलवे लाइन की मुआवजा राशि प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा कराने की अपील की है। ताकि राज्य सरकार द्वारा जल्द से जल्द उचित मुआवजा दिया जा सकें।

रात्रि चौपाल में सरपंच कैलाश चन्द्र मीना, एसडीएम अनिल चौधरी, तहसीलदार मुकेश अग्रवाल, उप निदेशक आईसीडीएस प्रियंका शर्मा, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग, विकास अधिकारी राजाराम मीना सहित जिला एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने मंहगी होती बिजली, पानी नहीं मिलने, हर कभी बिजली कटौती के खिलाफ किया प्रदर्शन

**बरकात हसीन**

टोंक (रॉयल पत्रिका)। महंगी होती बिजली और भारी भरकम आने वाली बिल राशि को लेकर कांग्रेसियों ने यहां घंटाघर पर जोरदार प्रदर्शन किया।

कांग्रेसियों का कहना है की महंगी बिजली के कारण आम आदमियों को भारी भरकम वाली बिल राशि आने के कारण उनको भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेसियों ने कहा कि सरकार महंगी बिजली में राहत देने में नाकाम नजर आ रही है। जबकि यह मूलभूत सुविधाओं से एक है। उनका कहना है कि आए दिन किसी न किसी आधार पर बिजली के बिलों में भारी राशि वसूली जा रही है। कहीं फ्यूल सरचार्ज के नाम पर तो कहीं अन्य शुल्कों के नाम पर भारी बिल आ रहे है। यहां कांग्रेस ने बढ़ती बेरोजगारी, महंगी होती बिजली, भारी भरकम आने वाले बिलो को लेकर तथा राज्य में कई मामलों में नाकाम होती नजर आती सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन का आयोजन किया था। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रामविलास चौधरी ने कहा है कि कांग्रेस सरकार ने जिस तरह लोगों को रहात दी थी, इस तरह की राहत देने या उससे बढ़कर राहत देने में भारतीय जनता पार्टी की सरकार विफल नजर आ रही है। जिला अध्यक्ष हरि भाई हरि ने कहा की आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है।



बढ़ती महंगाई ने और महंगी होती बिजली ने तथा सरकार के सख्त रवैया ने जनता को निराश कर रखा है। कांग्रेस जनों का कहना है कि आए दिन बिजली कटौती ने जीना दूभर कर दिया है ना तो कई जगह आवश्यकता के अनुसार पानी आ रहा है ना ही पूरी बिजली मिल रही है, आए दिन हर कभी दिन रात में बिजली की कटौती करना आम बात हो गई है। ऐसे सारे मामलों में सरकार विफल नजर आ रही है। कांग्रेस जनों ने बोछारों और बूंदाबांदी के बीच गांधी पार्क में धरना दिया तथा यहां से जुलूस के रूप में सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए, सभी कांग्रेस जन घंटाघर पहुंचे। जहां उन्होंने सरकार के खिलाफ नारे बाजी करते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। धरने को पूर्व विधायक कमल बेरवा, कांग्रेस नेता दिनेश चौरसिया, शब्बीर अहमद सलीमुद्दीन खान, पार्षद लक्ष्मण चौधरी, गाता सुनील बंसल, इम्तियाज़ खान, मनिंदर बेरवा, अब्दुल खालिक, युसूफ यूनिवर्सल सहित कई कांग्रेसी नेताओं ने सरकार की विफलताओं के खिलाफ विचार रखें। इस मौके पर कुलदीप सिंह राजावत शहर अध्यक्ष इरशाद बेग, देहात अध्यक्ष कैलाशी देवी मीणा, रामलाल संडीला, जर्रार खान, अनवर आदिल जूनियर अजीज कुरैशी, कफील अहमद, धर्मेंद्र सालोदिया, एहसान बावा, फरीद खान सहित कई कांग्रेसी शामिल थे।

## ग्रामीणों ने तिगरिया जीएसएस पर दिया धरना



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। ग्राम तिगारिया में हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर ग्रामीणों ने तिगारिया जीएसएस पर धरना दिया। रात्रि में बिजली कटोती के कारण ग्रामीणो को काफी परेसानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कटोती के कारण विद्यार्थीयो की पढाई नहीं हो पा रही है। ग्रामिणों ने बिजली कटौती बंद करने के लिए सहायक अभियंता को ज्ञापन सोपा तथा बिजली की समस्या का समाधान नहीं होने पर बड़े स्तर पर आंदोलन की चेतावनी दी। धरने में आम आदमी पार्टी के नेता हेमन्त कुमार कुमावत, सैनी समाज के पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार सैनी, मोठू राम सिंगाड़िया ओमप्रकाश शर्मा , शंकर नार, मालीराम भुरंडा, रूडमल सैन, सत्यनारायण कुमावत, नुसरत खान, सुरज्ञान कुलदीप ,प्रहलाद कुलदीप, सुरेश बुनकर ,हरिनारायण खटीक, शिंभु दयाल यादव, भोमाराम् यादव सहित सेंकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रचनात्मक कार्यों को लेकर अपना योगदान देगा पेंशनर समाज, खान का किया सम्मान

टोंक (रॉयल पत्रिका)। सामाजिक सरोकार के साथ ही राजस्थान पेंशनर समाज रचनात्मक दिशा में कार्य करने के लिए युवाओं को प्रेरित व प्रोत्साहित करेंगा तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए भी अपनी योगदान देगा। इस संबंध में ही उन्होंने सामाजिक सरोकार से ओतप्रोत कार्य किए जाने एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए भी कार्य किए जाने पर विचार किया। इस मौके पर पेंशनर समाज के लोगों ने सारगर्भित जानकारी के साथ ही अपने अनुभव साझा करते नारायण शर्मा, बाबूलाल जैन, पदम जैन, ओम प्रकाश महावर आदि मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि प्राचीन रहस्यों का जिला टोंक एक ऐसी पुस्तक है, जो टोंक के प्राचीन इतिहास पर रोशनी डालते हुए यहां के कला, साहित्य के क्षेत्र में जिले



पेंशनर समाज कार्यालय में विचार-विमर्श किया गया। साथ ही प्राचीन रहस्यों का जिला टोंक, पुस्तक का विमोचन भी किया। इस मौके पर प्रो. रामेश्वर शर्मा ने इतिहास लेखन कला के बारे में जानकारी देते हुए रचनात्मक दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। समाज के अध्यक्ष बृजबिहारी शर्मा, डा. गोपाल माहेश्वरी, विजय सक्सैना, हनुमान सिंह सौलंकी, प्रहलाद निमावत, नीलिमा सिंह आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त कर रचनात्मक दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ हुए आगामी दिनों में पौधारोपण किए जाने पर भी विचार किया। पत्रकारिता के क्षेत्र में लंबे समय से कार्य करने वाले एम.असलम के कार्य एवं उनकी टोंक के महत्व को प्रतिपादित करने वाली पुस्तकों की भी सराहना की गई। साथ ही उनको शाल एवं साफा औढाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर बृज बिहारी शर्मा, प्रो. रामेश्वर शर्मा, प्रहलाद निमावत, डा. गोपाल माहेश्वरी, हनुमान सौलंकी, विजय सक्सेना, अख्तर हुसैन, रामफूल मीणा, नीलिमा सिंह, रशीद भाई, भगवान सिंह, हर्षिता जैन, केदार के महत्व को भी प्रतिपादित करने के साथ ही शोध के लिए युवाओं को प्रेरित करने वाली पुस्तक है। जिसकी कई संगठनों ने सराहना करते हुए एम. असलम की प्रशंसा की है। पेंशनर समाज ने भी उनकी इस पुस्तक का विमोचन करते हुए उसके बारे में जानकारी साझा की। एम.असलम ने इस मौके पर बताया कि इस पुस्तक टोंक के महत्व को प्रतिपादित करने वाले तथ्यों का साझा किया गया। इसको रचनात्मक दृष्टि से अध्यन करने के लिए युवाओं को प्रेरित किया है

## गज़ल

ये नहीं कि तेरा आशिक़े बेज़ार रहा था कभी
तेरी स्याह जुल्फों में गिरफ्तार रहा था कभी
क्या हुआ जो आज मैं हूं पत्थर तेरी चौखट का
शहरे मोहब्बत में रौनक ए बाज़ार रहा था कभी
मेरी रुसवाई का सबब आज मेरे वही यार बने
जिन्हें मालूम है कि मैं बादा ख्वार रहा था कभी
आंखें पथरा सी गई और सूख गए उनके आंसू
जिनके हर रंजो ग़म का मैं खरीदार रहा था कभी
खिल नहीं सकेगें अब इसमें मोहब्बत के गुलाब
भूल भी जाओ कि ये दिल गुलजार रहा था कभी
जानिबे मयकदा से पलट तेरी गली को आता था
कहां है "अज़ीज़" जो तेरा तरफ़दार रहा था कभी



**अब्दुल अज़ीज**
मो. 9414595998
झालावाड़ (राज.)

## नज़्म

*जब रुसवा हुयी कहानी मेरी*
*ओर मशहूर हुयी जवानी मेरी*

सुबह से शाम तेरा नाम लिया
यहाँ कहीं न कोई काम किया
तेरी तलाश बहारों में करी
बर्फ़ के कोहसारों में करी
उम्रे हयात है सयानी मेरी
ओर मशहूर............
मेरी पकड़ से कोई छूटा नहीं
मेरे रुलाने से कभी रुठा नहीं
कमाल ये चाहतें बढ़ती गयी
मलाल ये के उम्र घटती गयी
ये दास्तान है रुमानी मेरी
ओर मशहूर........
सुकून ए यार मेरे पास है
दिलों के राज़ भी ख़ास है
गुलों में रंगे बहार छाई है
सजीधजी सी रात आई है
कैसे रुठा वो सुन जुबानी मेरी
ओर मशहूर हुयी जवानी मेरी

**-फ़ज़लुर्रहमान**

## सामुदायिक भवन के विस्तार पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का अभिनंदन

चौमूं (रॉयल पत्रिका)। चौमूं शहर के वार्ड 13 में विधायक कोष से निर्मित सामुदायिक भवन के विस्तार पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का अभिनंदन किया गया। वार्डवासियो द्वारा पूर्व विधायक शर्मा का माला एवं साफ़ा पहनाकर स्वागत किया गया। नगर परिषद आयुक्त सूर्यकांत शर्मा द्वारा दो कार्मिको को अनुकंपा नियुक्ति पर नियुक्ति पत्र दिए गए।



इस मोके पर पार्षद गजेंद्र यादव, राहुल यादव, गौरव यादव, अर्पित सैनी, बलदेव टाँक, रतनलाल, सीताराम बिंवाल, रामदयाल टांक, दर्शन लाल टोपियां,सुरेश बिंवाल, नाथुलाल टांक, बलदेव सिंह टांक (पूर्व पार्षद), जगदीश बिंवाल, पप्पू टोपियां, विनोद टोपियां, रामू बिंवाल, गोविंद बिंवाल, मुकेश टांक, कालू टोपियां,रवि टांक, उत्तम बिंवाल, मिथुन टोपियां, मामराज, सुनील, राजू, महेन्द्र, बाबूलाल जी, कमलेश, नरेंद्र, सूरज, शुभम, चंचल, रमेश, विक्रम, शेखर, नारायण, पंकज आदि मौजूद रहे।

# निवाणा में आंगनबाड़ी केंद्रों पर 'आंगनवाड़ी चलो' अभियान का समापन हुआ

चौमूं (रॉयल पत्रिका)। ग्राम पंचायत निवाणा के परिसर में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों पर 1 जुलाई से लेकर 31 जुलाई तक आंगनवाड़ी चलो अभियान का समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ । इस कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम का समापन को लेकर जयपुर उपनिदेशक महेश शर्मा , व गोविंदगढ़ सी. बी ई ओ राम सिंह मीणा के नेतृत्व में आंगनबाड़ी चलो अभियान का समापन व ग्राम पंचायत देवस्थला परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र पर 40 नए बच्चे एवम् 16 महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम भी आयोजन हुआ। इसी मौके पर गोविंदगढ़ महिला बाल विकास परियोजना के अधिकारी मनोरमा शर्मा व गोविंदगढ़ महिला बाल विकास परियोजना के पर्यवेक्षक शांत सोनी के द्वारा इस प्रेरित करने पर भामाशाहों आगे आए और भामाशाह ने 150 स्कूली बैग , फल वितरित किया। जयपुर उप निदेशक महेश शर्मा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों में भामाशाहों को प्रेरित करने पर ही भामाशाह आगे आते हैं। समय-समय पर भामाशाहों का सम्मान भी होना जरूरी है । इस कार्यक्रम में सी बी ई ओ रामसिंह मीणा ने संबोधित करते हुए कहा यह कार्यक्रम 1 जुलाई से 30 जुलाई तक आंगनबाड़ी चलो अभियान में बहुत ही अच्छे से प्रतियोगिता चित्रकला आदि का भी अच्छा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उसमें सभी कार्यकर्ताओं को, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ, महिलाओं को साधुवाद दिया । ब्लाक कोर्डिनेटर अमित खण्डेलवाल, वेदांता सुपरवाइजर अशोक यादव, सरपंच राजू देवी, प्रधान अध्यापक रामदयाल जाट सभी बच्चों के माता- पिता मौजूद रहे । इस मौके पर ग्राम पंचायत निवाणा, देवथला, अमरपुरा, तिगरिया, पंचायत की समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# "सांगानेर नगर निगम रोड की है अजीब कहानी" राजस्थान सरकार की हो रही है बदनामी

सांगानेर (रॉयल पत्रिका) । नगर निगम रोड सांगानेर वीआईपी रोड में शामिल है। सांगानेर के दो रोड सबसे बदहाल स्थिति में है। मालपुरा गेट से लेकर अनाज मंडी तक एवं सांगानेर नगर निगम आफिस से स्टेडियम के बीच का रास्ता तीस मिनट की वर्षा में तालाब का रूप धारण कर लेता है। बरसात के पानी का निकास न बनाना नगर निगम प्रशासन एवं जेडीए के इंजीनियरों द्वारा बनाई गई रोड उनकी लापरवाही एवं अनुभवहीनता को दर्शाता है। बरसात में होने वाली परेशानी को मार्केट के व्यापारी, दुकानदार एवं रोड़ पर चलने वाले राहगीर ही अपनी पीड़ा को समझ सकते हैं। सरकार से मोटी तनख्वाह लेकर एसी में बैठकर सिर्फ खाना पूर्ति करने वाले भ्रष्ट एवं लापरवाह अधिकारी नहीं समझ सकते हैं। रोड़ पर निकल कर पसीना बहाने वाला ईमानदार, दूरदर्शी, अनुभवी अधिकारी ही जनता की सेवा कर सकता है। सरकार की योजनाओं को सफलतापूर्वक सम्पन्न कर सकता है। ऐसे अधिकारियों की हमारे सांगानेर नगर निगम में और जेडीए में बहुत कमी है। ताज्जुब तो तब होता है जब प्रतिदिन इस रोड से निकलने वाले उच्च अधिकारियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ता है। देखते हैं सांगानेर के दुकानदारों की पानी निकासी की गंभीर समस्या को कौन हल करवाता है। इसके लिए सीएमओ प्रशासन को शीघ्र एक्शन लेना होगा। वरना राजस्थान सरकार की तौहीन होगी। क्योंकि यह क्षेत्र मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी का है। यदि शीघ्र सुनबाई नहीं हुई तो सांगानेर की जनता को दुःख होगा।एक विचारणीय प्रश्न बन जाएगा।



रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका

रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।
-संपादक

Scan Here

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया भाजपा के नव-नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का जोरदार इस्तकबाल

## -इस मौके पर जोरदार आतिशबाजी की गई एवं ढोल-नगाडे बजाकर लड्डू बांटे गए

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती के नेतृत्व में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के हजारों कार्यकर्ताओं ने भाजपा के नव-नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का ढोल-नगाडे व आतिशबाजी के साथ एवं पुष्पवर्षा कर जोरदार इस्तकबाल किया एवं लड्‌ बांटे गए।



भाजपा के नव-नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के पदभार ग्रहण समारोह में पूरे प्रदेशभर से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के हजारों कार्यकर्ता जयपुर पहुंचकर राठौड़ का जोरदार इस्तकबाल किया।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार अजयपाल सिंह, मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन खान, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एम. सादिक खान, डॉ. मजीद मलिक कमाण्डो, प्रदेश महामंत्री जावेद कुरैशी, प्रदेश उपाध्यक्ष सिकन्दर बक्स, आसिफ खान, अयुब खान, मुन्सिफ अली, प्रदेश मंत्री मुराद अली एडवोकेट, कासम अली राठौड़, प्रदेश कोषाध्यक्ष जावेद कागजी, प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष जमरदीन तेली, प्रदेश कार्यालय मंत्री उस्मान चौहान, प्रदेश मीडिया प्रभारी मुन्ना मकरानी, आईटी प्रदेश संयोजक इरशाद खान, सह-संयोजक डॉ. अर्पित छाजर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आसिफ अली, जहांगीर भाटी, सब्बीर कुरैशी, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. तसलीम बानो, पूर्व प्रदेश महामंत्री मुनवर खां, हिदायत खां, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष फरमान अहमद, फारूक राणा, जीवण खां, फरीदुदीन, अकरम कुरैशी, जयपुर शहर जिलाध्यक्ष अब्दुल अजीज, जयपुर देहात उत्तर जिलाध्यक्ष अब्दुल सत्तार खान, जयपुर देहात दक्षिण जिलाध्यक्ष इस्लाम नागौरी, अलवर दक्षिण जिलाध्यक्ष इब्राहिम खान, झुन्झुनूं जिलाध्यक्ष शौकत खान, भरतपुर जिलाध्यक्ष याकुब खान, बाड़मेर जिलाध्यक्ष अकबर खान, करौली जिलाध्यक्ष अल्लानूर, जैसलमेर जिलाध्यक्ष कादर बक्स, जयपुर शहर जिला महामंत्री मोहम्मद परवेज खान, माजिद पठान, जिला उपाध्यक्ष शाहनवाज अंसारी, मुस्ताक अहमद, फरहान कुरैशी, पूर्व जिलाध्यक्ष जफर मिर्जा, मुस्ताक नागौरी, अजीज काहिनूर, पूर्व जिला महामंत्री रफिक शाह, नवाब कुरैशी, सलीम महाराज, फरहान नकवी, युनुस खान, हमीद खान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ थाना शिवदासपुरा में कार्यवाही

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ के मार्गदर्शन में जयपुर शहर में अवैध नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन "क्लीन स्वीप" के तहत अति. पुलिस आयुक्त (प्रथम), अति. पुलिस आयुक्त (प्रथम), कैलाश चन्द बिश्नोई के निर्देशन जयपुर शहर में अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु दिगंत आनन्द, पुलिस उपायुक्त (अपराध) आयुक्तालय जयपुर, रणवीर सिंह, अति. पुलिस उपायुक्त, संगठित अपराध, आयुक्तालय जयपुर के निकट सुपरविजन में C.S.T. आयुक्तालय जयपुर की टीम के राजेश कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये आसूचना संकलन कर सूचनाओं पर पुलिस शिवदासपुरा जयपुर (दक्षिण) की टीम के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुये अवैध मादक पदार्थ तस्कर श्रीमती बीना सांसी पत्नी राजेश सांसी पुत्री शिवकरण सांसी को गिरफ्तार कर कब्जे से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 68 ग्राम एवं गांजा 984 ग्राम को बरामद करने में सफलता अर्जित की गयी। उक्त कार्यवाही के संबंध में पुलिस थाना



शिवदासपुरा जयपुर (दक्षिण) में प्रकरण संख्या 623/2024 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया गया। उक्त कार्यवाही में सीएसटी से सउनि उम्मेद सिंह, हैड कानि. नेमीचन्द एवं कानि. रविशंकर की अहम भूमिका रही। आरोपिता बीना सांसी द्वारा उक्त मादक पदार्थ स्मैक व गांजा अपने भाई कैलाश चन्द सांसी निवासी करेडा बुजुर्ग तहसील निवाई पुलिस थाना दत्तवास जिला टोंक से स्मैक 4000 रुपये प्रतिग्राम एवं गांजा 20,000 रुपये प्रति किलो के हिसाब से लाना एवं जयपुर शहर में छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बेचान करना बताया। आरोपितों से अवैध मादक पदार्थ गांजा के सम्बन्ध में पुलिस थाना कानोता सांगानेर सदर जयपुर दक्षिण में पूछताछ एवं अनुसंधान जारी है।

# ऑल इण्डिया मुस्लिम वक्फ संपत्ति संरक्षण बोर्ड के तत्वाधान में टीम ख़िदमत का किया गया सम्मान!



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। ऑल इंडिया मुस्लिम वक्फ संपत्ति संरक्षण बोर्ड के तत्वाधान में टीम ख़िदमत का सराहनीय कार्य व लोगों को जागरूक करने का कार्य देख कर बोर्ड के द्वारा शास्त्री नगर क़ब्रिस्तान जयपुर में टीम ख़िदमत को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया! इस अवसर पर बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहीस अहमद क़ुरेशी,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद इलियास शेख़,राष्ट्रीय विधि सलाहकार अकबर अली,राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल रईस,राष्ट्रीय सदस्य अशरफ़ क़ुरेशी,ज़फ़र मिर्ज़ा समाज सेवी,बोर्ड के कार्यकर्ता व जयपुर शहर के मोजिज लोग मोजूद रहे!

# राजस्थान के 21 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान में भारी बारिश का अलर्ट जारी है। यहां लगातार बारिश को लेकर चेतावनी जारी की जा रही है। भारी बारिश के कारण जगह-जगह हो रहे जलजमाव से लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने 21 जिलों में अति भारी बारिश से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

# वाहनों पर एचएसआरपी प्लेट लगाने की अंतिम तारीख 10 अगस्त तक बढ़ाई

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) लगवाने की अंतिम तिथि 10 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। इसके लिए परिवहन विभाग ने बुधवार को आदेश जारी किए। अब पुराने वाहनों पर एचएसआरपी नंबर प्लेट 10 अगस्त तक लग सकेगी। वाहन मालिकों द्वारा 10 अगस्त तक एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने के उपरांत बुकिंग स्लिप दिखाने दिखाने पर भी चालान से बचा जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि परिवहन विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत पुराने वाहनों पर एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई थी जिसे आमजन की सुविधा के लिए बढ़ाकर 10 अगस्त किया गया है। ऑनलाइन आवेदन की सुविधा परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की वेबसाइट transport.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध लिंक www..Siam.in के माध्यम से भारतीय ऑटोमोबाइल मेनुफैक्चरर्स सोसायटी की वेबसाइट पर जाने से संबंधित जिले, वाहन की श्रेणी एवं डीलर का चयन कर उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट लगवाने हेतु स्लॉट बुक किया जा सकता है। वाहनों पर एचएसआरपी लगाने की प्रक्रिया 10 अगस्त के बाद भी निरंतर उपलब्ध रहेगी ।

# लापरवाह अधिकारियों को मुख्यमंत्री भजनलाल का पैगाम, अपने काम पर रखो ध्यान वर्ना बुरा होगा अंजाम

**सादिक हिन्दस्तानी**

सांगानेर/जयपुर (रॉयल पत्रिका)। विगत कई दिनों से हमारे अखबार रॉयल पत्रिका के माध्यम से बार-बार सांगानेर के विकास के मुद्दे प्राथमिकता से प्रकाशित किए गए जैसे *जन समस्याओं से घिरा सांगानेर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे समाधान, जलदाय अधिकारियों की लापरवाही जनता पर पड़ी भारी, मुख्यमंत्री की नगरी सांगानेर में नगर निगम प्रशासन बना पंगु, सांगानेर का बहुचर्चित अतिक्रमण हटाओ अभियान चढा राजनीति की भेंट आदि शीर्षक से हमने खबरें प्रकाशित की थी। अब जाकर सांगानेर के विधायक एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सांगानेर के विकास कार्यों को लेकर एक मीटिंग ली थी। जिसमें जलदाय विभाग, सांगानेर के दो लापरवाह अधिकारियों जेईएन एवं एईएन (सहायक अभियंता) रवि जांगिड एवं (कनिष्ट अभियंता) ज्ञानचंद बैरवा पर जनता के काम में लापरवाही बरतने, जनता को समय पर कनेक्शन नहीं मिलने, ठेकेदारों के माध्यम से ज्यादा रेट की मांग करना, आदि शिकायत मिलने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



ने दोनों लापरवाह अधिकारियों का ट्रांसफर तत्काल प्रभाव से जैसलमेर-बाड़मेर कर दिया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा सांगानेर विधानसभा के 65 विकास कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमें ऊर्जा विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, पीएचईडी विभाग, स्वायत्त शासन विभाग,जल संसाधन एवं नगरीय विकास से संबंधित 1913 करोड़ रुपए से अधिक के 65 कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई थी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सख्त लहजे में अधिकारियों से कहा कि आमजन से सरोकार रखने वाले विभागों में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे ना केवल नियमित रूप से जन सुनवाई करें, बल्कि उनकी हर समस्या का समाधान भी करें। अब लगता है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी एक्शन मूड में आ चुके हैं। अब सांगानेर में अधिकारियों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायत मिलने पर कठोर से कठोर कार्यवाही के लिए तैयार रहें। हम अपनी जवाब देही इसी तरह से निभाते रहेंगे और सांगानेर की जन-समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुंचाते रहेंगे। सांगानेर के विकास में कड़ी का काम करते रहेंगे।

# जिंदगी में सीरत अपनाओ हुजूर की, अल्लाह एक, नबी एक, कुरान एक, फिर बातें छोड़ो फिजूल की

सांगानेर/जयपुर (रॉयल पत्रिका) । कागजी मोहल्ला सांगानेर में स्थित (गार्डन) केंद्र में आयोजित इस्लाही मुआसरा का बेहतरीन प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को सूरत गुजरात से आए हुए मेहमान कारी अहमद अली फलाही ने संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज में फैलती जा रही बुराइयों का हम सबको मिलकर मुकाबला करना है। हमारा अल्लाह एक। हमारा नबी एक। हमारी कुरान एक। हम सभी एक और नेक बनें । हम लोग मजबूर नहीं, मजबूत बनें। आने वाली नस्ल को भी यही यकीन दिलाना होगा। यही आज के दौर का तकाजा है। वरना हमारा समाज पिछड़ता जाएगा। अगर हमने अपने समाज में फैली हुई बुराइयों को दूर नहीं किया तो हम और हमारा समाज कभी आगे नहीं बढ़ सकता है। इसलिए हम सबको भाईचारा बनाकर रहना होगा। तभी हम और हमारा समाज तरक्की कर सकता है। प्रोग्राम में मौलाना मोहम्मद अययूब कासमी सचिव, ईदारा-ए-दावतुल हक




संस्था, ऊंटडा ने कहा कि अगर बुराइयों को खत्म करना है तो समाज को शिक्षित करना पड़ेगा। हर लड़का लड़की को पढ़ाओ चाहे कुछ भी करना पड़े, क़सम खाओ । आधी रोटी खाएंगे, बच्चों को जरूर पढ़ाएंगे । तभी समाज तरक्की कर सकता है। प्रोग्राम में अजमेर दरगाह शरीफ के अंजुमन सैयद जादगान के सदस्य फजले हसन चिश्ती, हाजी जुनैद, वरिष्ठ पत्रकार नवाब हिदायतुल्लाह, जयपुर के मुफ्ती जाकिर नॉमिनी, काजी मुनव्वर, दरगाह के गद्दीनशीन आदि ने भी अपने बयान किए। इस प्रोग्राम में सैंकड़ों की तादात में बिरादरी के लोग मौजूद रहे। पंचायत कागजीयान समिति के अध्यक्ष अब्दुल रशीद कागजी, वजीर पठान, हाजी अब्दुल गफ्फार कागजी, हाफिज अनवर, साहब, साहिल टाक, अकरम भाई हाफ़िज़ आसिफ़ और उनकी जमात का विशेष सहयोग रहा। आखिर में मौलाना मोहम्मद अय्यूब कासमी ने देश में अमन चैन और भाईचारा बना रहे का संदेश दिया।

# राह चलते लोगों से मोबाईल फोन छीनने वाली गैंग का पर्दाफाश

## -मुख्य सरगना अब्दुल मलिक व साथी मोहम्मद अमान गिरफ्तार।

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। दिगंत आनंद, आईपीएस, पुलिस उपायुक्त (दक्षिण), जयपुर ने बताया कि जिला जयपुर दक्षिण के पुलिस थाना मानसरोवर, जयपुर दक्षिण ईलाके के भृगु पथ से दिनांक 17.07.2024 को पैदल जा रहे परिवादी से पीछे से स्कुटी सवार लडकों ने मोबाईल छीनकर भाग गये। इस प्रकार राह चलते लोगों से मोबाईल छीनने की वारदात को गम्भीरता से लिया जाकर पुलिस सर्किल मानसरोवर जयपुर दक्षिण में पारस जैन, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, जयपुर दक्षिण के निर्देशन में संजय शर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त, मानसरोवर के सुपरवीजन में पुलिस थाना मानसरोवर पर थानाधिकारी राजेन्द्र गोदारा पु०नि० के नेतृत्व में शिवचरण उ०नि०, भीमसिह हैड कानि0 2110, लालसिंह 10081, मुकेश चौधरी 10566 की पुलिस टीम का गठन किया जाकर अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी की गई। दिनांक 18.07.2024 को परिवादी ने उपस्थित थाना होकर दर्ज करवाया कि दिनांक 17.07.2024 का समय लगभग 3.15 पीएम पर भृगु पथ केजीपी स्कुल के पास दो स्कुटी सवार लडके आये तथा मेरे हाथ से फोन छीनकर ले गये। में उनके पीछे भागा लेकिन वो स्कुटी पर सवार होने के कारण भाग गये। आदि रिपोर्ट पर मुकदमा नम्बर 642/2024 धारा 304 (2) बीएनएस में दर्ज कर तलाश जारी



की गई। गठित पुलिस टीम द्वारा प्रकरण हाजा के घटनास्थल व आस पास के सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग चैक की गई तो पाया गया कि स्कुटी पर सवार दो लडके परिवादी के मोबाईल को छीनकर भाग गये। सीसीटीवी कैमरों के आधार पर स्कुटी के रूट का पीछा किया गया तो उक्त स्कुटी शिप्रापथ की तरफ जाना सामने आया। सीसीटवी कैमरों से प्राप्त स्कुटी व अभियुक्तों के हुलिये के आधार पर तलाश की गई। गठित पुलिस टीम द्वारा मौ० अमान कुरैशी व साथी अब्दुल मलिक को दस्तयाब किया जाकर अनुसंधान किया गया तो दोनों ने मिलकर प्रकरण हाजा की घटना को अन्जाम देना पाया गया।

प्रकरण में दोनों आरोपी अब्दूल मलिक व मो० अमान कुरेशी को गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण की घटना में प्रयुक्त स्कुटी व लूट किया गया मोबाईल जप्त किया गया तथा मुल्जिमान् के कब्जे से अन्य स्थानों से लूट किये गये 02 मोबाईल जप्त किया गया। अभियुक्तों ने श्यामनगर व महेशनगर थाना इलाका से भी मोबाईल छीनने की घटना करना स्वीकार किया है जिसके संबंध में अनुसंधान जारी है।

# पिंकसिटी प्रेस क्लब को 515 लीटर का डीप फ्रिज़र भेंट किया

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पिंकसिटी प्रेस क्लब की कार्यकारिणी सदस्या शालिनी श्रीवास्तव ने शनिवार को डेयरी के लिए 588 पावर का 515 लीटर का डीप फ्रीज़र भेंट किया। इस दौरान पिंकसिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौड़, महासचिव योगेन्द्र पंचौली, कार्यकारिणी सदस्य सत्य पारीक,विमल तंवर सहित वरिष्ठ पत्रकार अशोक शर्मा,हरिसिंह,रामेंद्र सोलंकी,कुलदीप गुप्ता,कानाराम कड़वा,दिनेश जोशी,शंकर शिखर,रामसिंह राजावत,दिनेश अधिकारी सहित कई पत्रकार



उपस्थित रहे। डीप फ्रीज़र की पूजा करके सबको प्रसाद वितरित किया गया। क्लब के अध्यक्ष एवं महासचिव ने इस भेंट की प्रशंसा करते हुए हौसला अफजाई की।

# दलित अधिकार केन्द्र का प्रतिनिधि मण्डल उप मुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा से मिला

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। दलित अधिकार केन्द्र का 8 सदस्य प्रतिनिधि मण्डल 2 अगस्त 2024 को केन्द्र के निदेशक सतीश कुमार एडवोकेट के नेतृत्व में मुख्य कार्यकारी हेमन्त मीमरौठ, एडवोकेट, सहायक निदेशक एडवोकेट चन्दा लाल बैरवा, दलित अधिकार केन्द्र, जयपुर, कश्मीरा सिंह, राज्य समन्वयक, दलित महिला मंच, राज., खुशबू सोलंकी, राज्य समन्वयक, तौफीक नदीम, कम्यूनिकेशन एवं रिसर्च ऑफिसर, मांगी लाल बैरवा, कार्यक्रम समन्वयक, ने उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा व अविनाश गहलोत, मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार को निम्न मांगों के अलग-अलग ज्ञापन देकर अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989, नियम 1995 के नियम 16 के तहत गठित उच्च राज्य स्तरीय सतर्कता और मॉनिटरिंग समिति की बैठक जुलाई माह की बैठक आज्ञापक प्रावधानों के अनुसार अवलिम्ब पालना सुनिश्चित करने । वर्ष 2024-2025 के संशोधित बजट में राजस्थान अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निधि (योजना, आवंटन एवं वित्तीय संसाधनों का उपयोग ) अधिनियम-2022 में जनसंख्या के अनुपात में बजट आंवटित करने व उक्त कानून की प्रभावी पालना सुनिश्चित करवाने तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा "राजस्थान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति पुर्नवास योजना, 2024" में सरकार और सरकारी उपक्रमों में पीडित व्यक्ति के आश्रितों को अथवा कुटुम्ब के सदस्यों में से एक को रोजगार देने हेतु नियम 15 (1) (घ) सपठित नियम 12(4) (46) के अन्तर्गत एवं कर्नाटका सरकार की तर्ज पर कार्मिक विभाग द्वारा नियम बनवाकर शामिल करने के



बारे में ज्ञापन देकर मांग की गई। डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, उपमुख्यमंत्री राजस्थान सरकार तथा अविनाश गहलोत मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता ने ज्ञापन की मांगों को ध्यान पूर्वक पढा तथा आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

# उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मिला सम्मान

## -सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर को मिला सम्मान

चौमू (रॉयल पत्रिका) । शहर के सामोद रोड स्थित सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर को स्वास्थ्य सेवाओं में मरीजों का गुणवतापूर्ण अच्छा इलाज करने के लिए उप मुख्यमंत्री डॉ.प्रेमचंद बैरवा ने हॉस्पिटल निदेशक डॉ.एल.एन. रुण्डला व डॉ.अशोक कुमार कुमावत को आरोग्य हेल्थ केयर अवार्ड देकर समानित किया। अस्पताल निदेशक डॉ. रूंडला व डॉ.अशोक कुमावत ने बताया कि हॉस्पिटल का मूल उद्देश्य ही मरीजों को कम समय में अच्छा इलाज देना है। हॉस्पिटल में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, आरजीएचएस, सरस डेयरी, ईएसआईसी एवं सभी प्रकार के प्रमुख टीपीए के तहत नि:शुल्क इलाज किया जाता है। इस मौके पर हॉस्पिटल निदेशक डॉ.विजयपाल चौधरी, डॉ.आर.एन



सामोता, डॉ. मंजू यादव सहित अन्य अस्पताल के कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा,उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी,चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री व क्षेत्रीय विधायक का आभार जताया।

# सैयद मखदूम अशरफ जहांगीर सिमनानी का उर्स मनाया गया

जयपुर (रॉयल पत्रिका। राजधानी जयपुर में सैय्यद मखदूम अशरफ जहांगीर सिमनानी का 638 वा उर्स मुबारक जयपुर शहर मे 7 वा उर्स मुबारक धूम-धाम से मनाया गया।इस मौके पर जयपुर शहर के सभी ओलिया-ए-किराम और सभी दरगाह के सज्जाद नशीन ने शिरकत की उर्स मे खलीफा महबूब खान अशरफ अशरफी मिया की सदारत मे शिरकत की -तमाम मुरीदीन सिलसिला, अशरफी जावेद अशरफी, मोहसिन अशरफी, अफसार अशरफी,खालिद अशरफी, अकील अशरफी, रहमान अशरफी,राजा शाकिर, फैसल पेंटर, नफीस, मुबीन अशरफी, शारूख, शाद,सरफराज़ नेता, मोइन, राहुल जी, आदिल,हसीन, आशिक, अज़हर, इरफान अब्बा, शकील, नोशीन अशरफी ने शिरकत की।

रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

## इजराईल-ईरान युद्ध कभी भी शुरू हो सकता है !

हमास चीफ इस्माईल हानिया की मौत को लेकर ईरान इजराईल पर कभी भी आक्रमण कर सकता है । ईरान का आरोप है कि इजराईल की सीक्रेट एजेंसी मौसाद ने इस्माईल हानिया की हत्या की है, दूसरी तरफ ईरान के आक्रमण का जवाब देने के लिए इजराईल पहले से ही तैयार है ।

दुनिया की सुपर पावर अमेरिका इजराईल के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है । अमेरिका इजराईल को हथियार, मिसाइल, लड़ाकू विमान और सैनिक सहित सब कुछ उपलब्ध करवा रहा है । ईरान के प्रॉक्सी संगठन इजराईल पर लगातार रॉकेट और मिसाइलों से हमले कर रहे हैं । करीब 10 महीने से लगातार चल रहे इजराईल हमास युद्ध में इजराईल ने करीब 1 लाख से ज्यादा मर्द, औरत एवं बच्चों की बमबारी करके हत्या कर दी है । इजराईल ने हमास को पूरी तरह मिटाने की कसम खा रखी है । हमास ने 8 अक्टूबर को अचानक रॉकेट हमले करके इजराईल के हजारों नागरिकों को बंधक बना लिया था । सैंकड़ों बंधक अभी भी हमास के कब्जे में है, 10 महीने के युद्ध में दुनिया ने देखा कि इजराईल युद्ध तकनीकी कौशल में अपने पड़ौसी देशों से बहुत आगे है । इजराईल का डिफेंस सिस्टम बड़े से बड़े मिसाइल हमले को रोकने में सक्षम है । यही कारण है कि इजराईल पर अब तक लाखों रॉकेट और मिसाईल हमले होने के बाद भी ज्यादा जनहानि नहीं हुई है । इजराईल की सुरक्षात्मक एवं आक्रामक क्षमता को देखने के बाद पता चलता है कि उसने पड़ौसी मुस्लिम देशों के लिए पहले से ही बड़ी तैयारी कर रखी है । इतनी बड़ी तैयारी तो कोई बड़ा देश भी नहीं करता है । इजराईल वर्तमान में ऐसा देश बन गया है, जो किसी अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय, एजेंसी एवं मंच की नहीं सुनता है । अमेरिका जैसी सुपर पावर को इज़राईल की हां में हां मिलानी पड़ती है । इजराईल के कारण अमेरिका को आर्थिक, व्यापारिक एवं अन्य काफी नुकसान हुए हैं । लेकिन अमेरिका इजराईल का साथ देने के लिए मजबूर दिखाई दे रहा है । अमेरिका के कारण फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन एवं नाटो के अन्य देश भी इसराईल के साथ खड़े हुए हैं । ऐसी स्थिति में इजराईल और ईरान का युद्ध हुआ तो उसका पूरे विश्व में भयावह परिणाम दिखाई देगा, क्योंकि रूस, चीन और उत्तरी कोरिया, ईरान का साथ दे सकते हैं । जब विश्व के दो बड़े गुटों में युद्ध शुरू होगा तो यह युद्ध जल्दी ही परमाणु युद्ध में बदल सकता है । युद्ध में शामिल देशों जैसे अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस, ब्रिटेन, इजराईल, उत्तर कोरिया के पास इतने परमाणु हथियार हैं, जिनसे पृथ्वी की मानव जाति को कई बार समाप्त किया जा सकता है । यह एक तरह से विश्व युद्ध होगा । लेकिन भारत, पाकिस्तान, नेपाल, श्रीलंका जैसे देश इसमें शामिल होते दिखाई नहीं दे रहे हैं । दुनिया की शांति एवं मानव जाति की सुरक्षा के लिए किसी भी हालत में इस युद्ध को रोका जाना चाहिए ।

# जब बाड़ खेत को खाए तो कौन बचाए ?

**वेदव्यास**

भारत का संविधान ही करोड़ों देशवासियों की आत्मा है और डॉ. भीमराव अंबेडकर ही इसकी प्रस्तावना के रचनाकार हैं। हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर को इस संविधान के आलोक में याद करते हुए जब हम भारत की खोज को पढ़ते हैं, तो लगता है कि वंदे मातरम् और जन गण मन जैसी आराधना से बढक़र कोई अन्य कविता इस धरती पर हो ही नहीं हो सकती। भारत का यह दिव्य सपना 26 नवंबर, 1949 से हमारे देश का मार्गदर्शक है।

दुनिया के सबसे बड़े लिखित संविधान में वर्णित जो मौलिक अधिकार (1) समानता का अधिकार (2) स्वतंत्रता का अधिकार (3) शोषण के विरुद्ध अधिकार (4) संस्कृति तथा शिक्षा संबंधी अधिकार और संवैधानिक उपचारों का अधिकार आज हमें प्राप्त है, उसकी अनुपालना में ही विधायिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका की संपूर्ण संरचना प्रेरित और उत्तरदायी है। इस विभाजीत राष्ट्र की अनेकताओं को एकता में बांधने का यह अमर तंत्र जब डॉ. अंबेडकर ने लिखा था, तब वह कोई दलित नहीं थे, अपितु एक भारतीय नागरिक थे। इसी तरह 1857 से लेकर 1947 तक भारत में जो आजादी की लड़ाई लड़ी गई, उसके सभी महानायक किसी जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र और वर्ग के सैनिक और सेनानी नहीं थे, अपितु भारत के उपासक थे। लेकिन, तब से लेकर अब तक इस देश के विकास और परिवर्तन का प्रवाह कुछ ऐसी विपरीत दिशा में धकेला जा रहा है कि हमने अपने सभी राष्ट्र निर्माताओं को जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्रीयता के हाशिए पर धकेल दिया है।

जो भी भारत गणराज्य का अधिपति बनता है, वह एक भारत: श्रेष्ठ भारत और सबका साथ-सबका विकास की नई-नई बातें तो करता है, लेकिन असल में संविधान के विपरीत सत्ता और व्यवस्था का एक नया ताना-बाना भी बुनता है। यही कारण है कि नए भारत की पिछले 75 साल की कहानी समानता, स्वतंत्रता, शोषण के विरुद्ध, धार्मिक स्वतंत्रता, संस्कृति तथा शिक्षा संबंधी अधिकार और इसके संवैधानिक उपचारों के आसपास ही घूम रही है। हमने अंबेडकर को दलित नेता बना दिया है, तो ज्योतिबा फुले को मालियों का आराध्य, भगत सिंह को चरमपंथ का सिपाही, तो वल्लभ भाई पटेल को गुजरात का गौरव, तो सुभाषचंद्र बोस को बंगाल गरिमा, तो जवाहरलाल नेहरू को वंशवाद का जनक, तो विवेकानंद को कट्टर हिंदुत्व का प्रणेता, तो सुब्रहण्यम भारती को तमिल प्रतिष्ठा और न जाने किन-किन को अपनी-अपनी कैसी-कैसी जाति-धर्म की पहचान का प्रतीक बना दिया है।

इसी तरह हमने संपूर्ण मानवता के उपासकों की जगह राम-कृष्ण को हिंदुओं की, बुद्ध को बौद्धों की, हजरत मोहम्मद को मुसलमानों की, गुरु नानक को सिक्खों की, महावीर को जैनियों की तथा ईसा मसीह को ईसाइयों की चारदीवारी में ही कैद कर दिया है।

यानी कि हमने नदी, पर्वत, हवा, प्रकाश, पृथ्वी तक को अपनी जाति-धर्म की पहचान में समेट लिया है तथा मां गंगा की जीवनदायी पवित्रता को भी हिंदू संस्कृति की मुख्यधारा तथा सूर्य और चंद्रमा को भी हिंदू संस्कृति के नमस्कार में बदल दिया है। आज भी हम जब महात्मा गांधी को किसी राजनीतिक पार्टी का विज्ञापन बना देते हैं और अंबेडकर को दलितों का मसीहा कहते रहते हैं, तो हम यह भूल जाते हैं कि इनका जीवन-दर्शन क्या था? हम एक कृतज्ञ राष्ट्र के रूप में भी कभी अंबेडकर के भारत के संविधान की बात क्यों नहीं करते और महात्मा गांधी की सत्य और अहिंसा को याद क्यों नहीं करते? यह सीमित समझ ही बताती है कि हम ऐसे सभी राष्ट्र निर्माताओं को एक व्यक्ति के रूप में जाति-धर्म के लिए उपयोगिता की सामग्री में बदल रहे हैं, जबकि गांधी और अंबेडकर एक विचार है तथा वह किसी संकीर्णता के हकदार नहीं हैं।

महाराणा प्रताप और शिवाजी को किसी धर्म और जाति का नायक बनाना भी हमारी समझ की संकीर्णता है, क्योंकि यह सभी इतिहास पुरुष राजा और प्रजा की मर्यादा के आधार हैं।

इसलिए, हमें आज यह अवधारणा भी बदलनी होगी कि जाति और धर्म की पहचान से ही किसी देश की पहचान बनती है और विकास तथा परिवर्तन की योजनाएं चलाई जाती हैं। यदि भारत में दलितों को सामाजिक-आर्थिक समानता का अधिकार हम आज तक नहीं दे पाए हैं, तो यह डॉ. अंबेडकर और हमारे संविधान का अपमान है।

इसी तरह भारत में असत्य और हिंसा का विस्तार भी महात्मा गांधी के सपनों की अवहेलना है। भारत का संविधान ही हमें वह ताकत देता है कि-आज भी हम एक हैं और आगे-पीछे वंदे मातरम् और जन गण मन ही गा रहे हैं तथा सभी प्रकार की शपथ अपने संविधान के अंतर्गत ही ले रहे हैं।

ऐसे में, भारत का जीवन धर्म और जीवन कर्म भारत का संविधान ही है। अत: अंबेडकर को जाति-धर्म की सीमाओं में बांधकर इन्हें छोटा मत बनाइए, क्योंकि प्रेरणा के प्रकाश का कोई जाति-धर्म नहीं होता।

अत: समय की चेतावनी को समझते हुए संत कवि कबीरदास की यह वाणी याद रखिये- 'माटी कहे कुम्हार से, तू क्या रोंदे मोय। एक दिन ऐसा आएगा, मैं रोंदूगी तोय।' (लेखक वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार हैं

## राजस्थान के इस टीचर को स्टूडेंट्स ने दी अनोखी विदाई, शिक्षा मंत्री भी 250 किमी दूर से आकर छुए पैर, ₹10 लाख की कार भी

नागौर (रॉयल पत्रिका)। PTI Hanuman Ram Devda : राजस्थान में शारीरिक शिक्षक हनुमान राम देवड़ा का विदाई समारोह अद्वितीय रहा। उनके शिष्यों ने उन्हें अनूठी विदाई दी और शिक्षा मंत्री मदन दिलावार ने सम्मानित किया। देवड़ा ने 29 वर्षों तक सेवा की और कई शिष्यों को सेना, के सेठ मेघराज एवं माणकचंद बोथरा राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में 29 साल तक शारीरिक शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान उन्होंने सैकड़ों बच्चों को सेना, पुलिस और खेल के क्षेत्र में जाने के लिए प्रेरित किया और तैयार किया। देवड़ा के 65 शिष्य सेना में हैं जबकि 20 पुलिस 10 लाख रुपए कीमत वाली एक शानदार कार भेंट की गई।

**मेरे जीवन में पहला ऐसा कार्यक्रम देखा- शिक्षा मंत्री**

इस मौके पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावार ने कहा, 'मेरे जीवन में पहला ऐसा कार्यक्रम देखा जहां किसी शारीरिक शिक्षक को उनके




पुलिस और अन्य सरकारी सेवाओं में भेजा। उनके समर्पण की सभी ने सराहना की।

राजस्थान के नागौर जिले के गोगेलाव गांव में एक सरकारी स्कूल के रिटायर्ड पीटीआई हनुमान राम देवड़ा को उनके शिष्यों ने अनोखी विदाई दी है। 29 साल तक स्कूल में सेवाएं देने वाले देवड़ा को उनके शिष्यों ने 10 लाख रुपए की कार तोहफे में दी।

खास बात यह है कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावार खुद 250 किलोमीटर का सफ़र तय करके देवड़ा के घर पहुंचे और उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

**देवड़ा के 65 शिष्य सेना में हैं, 20 पुलिस में दे रहे सेवाएं**

हनुमान राम देवड़ा ने गोगेलाव गांव में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। एक शिष्य राजस्थान पुलिस में एसआई बन गया जबकि 15 से ज्यादा शारीरिक शिक्षक बन गए।

इतना ही नहीं देवड़ा के 18 शिष्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बने जबकि सैकड़ों अन्य सरकारी नौकरियों में हैं।

**शिष्यों ने भव्य विदाई दी, लाखों की कार और समारोह**

रिटायरमेंट के बाद देवड़ा को उनके शिष्यों ने भव्य विदाई दी। शिष्यों ने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया और छुट्टी लेकर गांव पहुंच गए।

एक हफ्ते तक चले विदाई समारोह में खेल प्रतियोगिताएं, रक्तदान और पौधरोपण जैसे कई कार्यक्रम हुए। अंत में देवड़ा को शिष्यों ने ऐसे विदाई दी हो। इसके पीछे पीटीआई हनुमान सिंह देवड़ा की त्याग, तपस्या और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण है, जो दिखाता है कि कैसे एक गुरु ने अपने शिष्यों का न सिर्फ काबिल बनाया, बल्कि उन शिष्यों में भी इतना बड़ा समर्पण दिखा कि उन्होंने अपने गुरु का मान बढ़ाया।'

**पूर्व सीएम अशोक गहलोत भी कर चुके तारीफ**

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी पीटीआई जी की तारीफ कर चुके हैं।

गोगेलाव गांव पहुंचे गहलोत ने हनुमान सिंह देवड़ा से मुलाकात कर उनके समर्पण की सराहना की थी।

## एससी एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर नहीं चाहिए, सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करेंगे चिराग पासवान



पटना । केंद्रीय मंत्री और लोजपा रामविलास के मुखिया चिराग पासवान ने एससी एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर का विरोध करते हुए कहा कि आज भी बड़े दलित नेता भी मंदिर जाते हैं, तो उसे गंगाजल से धोया जाता है। SC SC Reservation Sub-quota Creamy Layer: अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग में क्रीमी लेयर बनाए जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आपत्ति जताई है। चिराग की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने शीर्ष अदालत में पुनर्विचार याचिका दायर किए जाने का फैसला लिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर हम टिप्पणी नहीं कर सकते हैं, लेकिन इस बात पर हमारी पार्टी को आपत्ति है। इसलिए हम लोग पुनर्विचार की मांग करते हुए याचिका दाखिल करने जा रहे हैं। दो दिन पहले भी लोजपा (रामविलास) ने बयान जारी कर एससी एसटी आरक्षण में सब कैटगरी बनाने और क्रीमी लेयर लाने का विरोध किया था। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री सह लोजपा (रामविलास) के मुखिया चिराग पासवान ने पटना स्थित मौर्य होटल में शनिवार को खाद्य प्रसंस्करम उद्यमियों के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि एससी की जहां तक बात है उसमें ऐसी जातियां हैं, जिसका आधार छुआछूत है। इसलिए इसमें आरक्षण के अंदर आरक्षण का कोटा लाने का प्रावधाननहीं आ सकता है। साथ ही क्रीमी लेयर का प्रावधान नहीं हो सकता है। चिराग ने आगे कहा कि दलित समाज के संपन्न लोगों के साथ छुआछूत के आधार पर भेदभाव आज भी हो रहा है। दलित समाज के बड़े नाम भी हैं जो मंदिर में जाते हैं तो मंदिर को गंगाजल से धोया जाता है। यह दर्शाता है कि भेदभाव छुआछूत के आधार पर हो रहा है। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री सह लोजपा (रामविलास) के मुखिया चिराग पासवान ने पटना स्थित मौर्य होटल में शनिवार को खाद्य प्रसंस्करम उद्यमियों के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि एससी की जहां तक बात है उसमें ऐसी जातियां हैं, जिसका आधार छुआछूत है। इसलिए इसमें आरक्षण के अंदर आरक्षण का कोटा लाने का प्रावधाननहीं आ सकता है। साथ ही क्रीमी लेयर का प्रावधान नहीं हो सकता है। चिराग ने आगे कहा कि दलित समाज के संपन्न लोगों के साथ छुआछूत के आधार पर भेदभाव आज भी हो रहा है। दलित समाज के बड़े नाम भी हैं जो मंदिर में जाते हैं तो मंदिर को गंगाजल से धोया जाता है। यह दर्शाता है कि भेदभाव छुआछूत के आधार पर हो रहा है। बता दें सुप्रीम कोर्ट ने बीते गुरुवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए कहा एससी और एसटी आरक्षण में सब कैटगरी बनाने को मंजूरी दी। साथ ही राज्यों से इन वर्गों में ओबीसी की तर्ज पर क्रीमी लेयर बनाकर आर्थिक और सामाजिक रूप से संपन्न लोगों को बाहर करने की नीति बनाने के भी निर्देश दिए गए। इसके बाद से एससी एसटी आरक्षण पर देशभर में बहस छिड़ी हुई है।

## निकाह के लिए उम्र

ये एक बहुत अहम मसला हैं क्योकि लड़का या लड़की के निकाह के लिये सही उम्र क्या हैं? इसका आसान तरीका शरीअत मैं है, लडका-लडकी बालिग़ होते ही उनका निकाह कर देना चाहिए! बालिग होने की पहचान उम्र से नही बल्की जिस्मानी कुव्वत से लगाई जाए! ल़डकी को हैज शुरु हो जाए और लडके की आवाज़ में तब्दीली भारीपन आ जाए तो वो बालिग हो चुके! और भी बहुत सी निशानियाँ हैं जिनको बच्चो के माँ बाप बखूबी जानते समझते हैं! चुनांचे उम्र की कोई पाबन्दी नही!

•निकाह से पहले लड़की देखना

अकसर लोगो मे शादी से पहले लड़की देखना बुरा समझा जाता हैं। अलबत्ता उसकी फ़ोटो को देने मे कोई ऐतराज़ नही किया जाता। सवाल ये हैं के जिस फ़ोटो को लड़के को देखने के लिये दिया जाता हैं उस फ़ोटो के खींचने वाला मर्द क्या उस लड़की का महरम होता हैं। अकसरीयत ऐसी हैं जो ख़ासतौर से शादी के दिखाने के लिये लड़की का फ़ोटो किसी स्टूडियो मे खिचवाते हैं। जिस लड़के को उससे निकाह करना हैं उसके देखने पर तो पाबन्दी लगाई जाती हैं लेकिन जो गैर महरम हैं उसके सामने जाकर फ़ोटो खिचवाने मे कोई बुराई नही समझी जाती, बल्कि लड़की को सजा धजा के खड़ा कर दिया जाता हैं, फिर फोटो खिचाई जाती है...!

शरीअत ने इस ताल्लुक से जो हुक्म दिया वो नीचे मौजूद हैं-

हज़रत जाबिर बिन अब्दुल्लाह रज़ि0 से रिवायत हैं के नबी सल्लललाहू अलैह वसल्लम ने फ़रमाया:- जब तुम मे से कोई शख्स किसी औरत को निकाह का पैगाम भेजे, अगर मुमकिन हो तो इसकी वो चीज़ देख लो जो इसके निकाह की दाई हैं (कद, कामत और हुस्न व जमाल वगैराह)।

हज़रत जाबिर रज़ि0 कहते हैं के मैने एक लड़की के लिये निकाह का पैग़ाम भेजा तो मैं इसके लिए छिपा करता था हत्ता के मैने इसे देख लिया जिससे मुझे इसके साथ निकाह करने की रग़बत हुई, चुनांचे मैने इससे निकाह कर लिया।(अबू दाऊद)

हज़रत मुगीराह बिन शैबाह रज़ि0 से रिवायत हैं के मैने नबी सल्लललाहू अलैह वसल्लम की खिदमत मे हाज़िर होकर एक खातून का ज़िक्र किया के मै इससे निकाह के लिये पैगाम भेजने वाला हूं, आप सल्लललाहू अलैह वसल्लम ने फ़रमाया:- जाकर इसे देख लो, उम्मीद हैं तुम्हारे दरम्यान मुहब्बत पैदा हो जायेगी। लिहाज़ा मैने एक खातून अन्सारी के मां-बाप के यहां गया और इसके वालिदैन से इसका रिश्ता तलब किया और इन्हे नबी सल्लललाहू अलैह वसल्लम का इरशाद भी सुनाया। यू महसूस हुआ के इसके वालिदैन ने इस चीज़ को पसन्द नही किया के (ये मर्द इनकी लड़की को देखे) लड़की पर्दे मे थी इसने ये बात चीत सुन ली चुनांचे इसने कहा:- अगर तुझे अल्लाह के रसूल सल्लललाहू अलैह वसल्लम ने देखने का हुक्म दिया हैं तो देख, वरना मैं तुझे क़सम देती हूं के झूठा बहाना करके मुझे न देखना, इसने गोया इस बात को बहुत बड़ा समझा (सुनते ही ऐतबार न आया के नबी सल्लललाहू अलैह वसल्लम ने फ़रमाया होगा)|

हज़रत मुगीराह रज़ि0 फ़रमाते हैं:- (मै सच कह रहा था इसलिये) मैने इसे देख लिया।फ़िर मैने इससे निकाह कर लिया! (इब्ने माजा)

इन तमाम हदीस की रोशनी मे ये साबित होता हैं के निकाह से क़ब्ल लड़की देखना दुरुस्त हैं और लड़की के वालिदैन को भी इसे बुरा नही जानना चाहिये।

## तेलंगाना हाईकोर्ट ने अकबरी संप्रदाय की याचिका का किया निपटारा

### -इबादतखाने में शिया महिलाओं को भी नमाज पढ़ने का अधिकार, रोका तो भेदभाव होगा

हैदराबाद। तेलंगाना हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा कि शिया मुस्लिम महिलाएं इबादतखाने में नमाज अदा कर सकती है। शिया मुसलमानों के अकबरी संप्रदाय से जुड़े मामले का निपटारा करते हुए कोर्ट ने कहा कि संप्रदाय की महिलाएं भी हैदराबाद के दारुलशिफा इबादतखाने में इबादत की हकदार हैं। उन्हें इबादत से रोका गया तो यह भेदभावपूर्ण होगा।

जस्टिस नागेश भीमापाका ने फैसले में सुप्रीम कोर्ट के 2018 के सबरीमाला केस के फैसले का उल्लेख किया, जिसमें कहा गया था कि मासिक धर्म की उम्र वाली महिलाओं को केरल के सबरीमाला मंदिर में प्रवेश करने से नहीं रोका जा सकता। हाईकोर्ट ने कहा कि शिया मुसलमानों के एक अन्य संप्रदाय गटे (उसूली) की महिलाओं को पहले ही वक्फ बोर्ड 2007 की कार्यवाही के अनुसार इबादतखाने में इबादत की इजाजत दे चुका है। हाईकोर्ट अंजुमने- अलवी शिया इमामिया इथना अशरी अकबरी नाम की संस्था की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसने इबादतखाने में मजलिस, जश्न और अन्य धार्मिक प्रार्थनाओं में अकबरी संप्रदाय की महिलाओं को प्रवेश से प्रतिबंधित करने को चुनौती दी थी। तेलंगाना राज्य वक्फ बोर्ड से मसले के समाधान की गुहार के बाद जब हल नहीं निकला तो संस्था ने अदालत का रुख किया।

**कुरान में भी इबादत पर रोक नहीं...**

जस्टिस भीमापाका ने कहा कि कुरान में महिलाओं को इबादतखाने में इबादत करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अध्याय 2 अलबकारा 222-223 स्पष्ट करता है कि एक विशेष अवधि (जो प्रकृति ने महिलाओं को आराम की अवधि के रूप में दी है) के अलावा महिलाओं को नमाज अदा करने से नहीं रोका जा सकता।

## भारत छोड़ो आंदोलन अभिभाषण व "करो या मरो" से हुई थी

भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत 8 अगस्त 1942 को गांधी जी के मुंबई में दिए गए भारत छोड़ो अभिभाषण व "करो या मरो" के नारे से हुई थी। अभिभाषण में उन्होंने सीधे-सीधे अंग्रेजों से ब्रिटिश शासन के अंत की मांग की थी, और आम नागरिक से इसमें बढ़-चढ़कर भागीदारी की अपील की। भारत छोड़ो शब्द का प्रयोग पहली बार मुंबई के मेयर युसूफ महरौली ने किया था।

यह द्वितीय विश्व युद्ध का समय था, ब्रिटिश सरकार ने तुरंत स्वतंत्रता देने से इंकार कर दिया। वह द्वितीय विश्व युद्ध के अंत के बाद ही इस पर कोई विचार विमर्श के लिए सहमत हुए लेकिन बाद में वह भारत छोड़ो आंदोलन को बल प्रयोग से दबाने लगे, इससे आमजन वह स्वतंत्रता आंदोलनकारियों में भीषण रोष पैदा हो गया, जिससे उन्होंने सरकारी संस्थानों पर जमकर प्रहार करना शुरू कर दिया। 550 डाकघर, 250 रेलवे स्टेशन एवं रेल लाइनें, 70 पुलिस स्टेशन, 85 सरकारी इमारतें, 2500 दूरभाष लाइनें और ना जाने कितनी क्षति स्वतंत्रता आंदोलनकारियों द्वारा ब्रिटिश हुकूमत को पहुंचाई गई। बहुत सारे स्वतंत्रता सेनानियों को जेल में डाला गया सबसे ज्यादा आक्रमण बिहार राज्य में देखने को मिले, ब्रिटिश हुकूमत ने 57 बटालियन ब्रिटिश सेना को भारत छोड़ो आंदोलन को दबाने में लगा दिया। लेकिन यह आंदोलन कम होने का नाम ही नहीं ले रहा था सभी जाति, वर्ग, धर्म, महिला, पुरुष, बूढ़े, नौजवानों ने इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ब्रिटिश सरकार इससे घबरा गई और उन्होंने विचार करना शुरू कर दिया कि अगले कुछ वर्षों में कैसे सम्मान वह शांतिपूर्वक भारत छोड़कर जाया जा सकता है, और भारत को स्वतंत्रता कैसे और किस प्रकार दी जा सकती है। भारत छोड़ो आंदोलन में सभी वर्गों जैसे किसान, व्यापारी, छात्र, महिलाएं आदि के विभिन्न संघठनो में देशभक्ति व देश को आजाद कराने की एक लहर पैदा कर दी थी। स्वतंत्रता सेनानियों ने स्थानीय स्तर पर एक समानांतर सरकार का भी गठन कर लिया था। इसी बीच 1943 में भीषण अकाल पड़ा। आम भारतीयों को खाने के लाले पड़ गए, फिर गांधी जी की अपील पर भारत छोड़ो आंदोलन वापस ले लिया गया। लेकिन अंदरूनी तौर पर भारत छोड़ो आंदोलन कभी खत्म नहीं हुआ बल्कि राम मनोहर लोहिया, जे पी नारायण, अरूणा आसफ अली, बीजू पटनायक, सुचेता कृपलानी और ऐसे ही अन्य कितने स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत छोड़ो आंदोलन को भारतीय जनमानस में जगाए रखा इस वजह से अंग्रेजों में यह बात घर कर गई कि अब भारत में और बने रहना नामुमकिन है साथ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंडियन नेशनल आर्मी एवं आजाद हिंद फौज की कार्यवाही की वजह से भी अंग्रेजी हुकूमत मुश्किल में थी।

इन सभी वजह से अंग्रेजी हुकूमत भारत को स्वतंत्र करने पर गंभीरता पूर्वक विचार करने लगी, और अंततः हमारा देश भारत 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों से आजाद हुआ।

## अजीजन बाई निडर क्रांतिकारी व महिला सशक्तिकरण की प्रतीक

अजीजन बाई का जन्म 22 जनवरी 1824 ई. को मध्यप्रदेश के मालवा राज्य के राजगढ़ में हुआ था। जागीरदार शमशेर सिंह के यहां जन्मी इस कन्या का नाम अजंसा रखा गया। इकलौती संतान थीं और घर की बेहद लाडली बेटी। हरादेवी के मंदिर परिसर में लगने वाले मेले में घूमने गईं तो अंग्रेज सिपाही ने उन्हें अगवा कर लिया। पिता तो सदमा झेल नहीं पाए और चल बसे। अंग्रेज सिपाही ने उन्हें लाठी मोहाल के एक कोठे की मालकिन अम्मीजान के हाथों बेच दिया। यहां वे अजंसा से अजीजनबाई बन गईं। उनकी कला ने अजीजनबाई की शोहरत पूरे राज्य में फैला दी। तभी 10 मई को 1857 की क्रांति का बिगुल बजा और अंग्रेजों के खिलाफ अजीजन बाई के दिल में जमी चिंगारी शोला बन धधक उठी। नागरिक मंच के संयोजक सुरेश गुप्ता ने बताया कि वह दिन में भेष बदल कर अंग्रेजों से मोर्चा लेतीं और रात में मुजरा करके गुप्त सूचनाएं नाना साहब को पहुंचातीं। नवाबगंज और बिठूर के बीच अंग्रेज सिपाहियों को उन्होंने मौत के घाट उतार दिया। वहां अंग्रेजों की एक दूसरी टुकड़ी ने उन्हें पकड़कर जनरल हैवलाक के सामने पेश किया। उन्होंने माफी मांगने से मना कर दिया। कैद में उनके साथ क्रूरता की हद पार कर दी गई। बाद में उन्हें मौत के घाट उतार दिया गया। लेकिन उनकी गाथा अमर हो गई और वह आजादी के दीवानों के लिए प्रेरणा बन गईं। अजीजन बाई ने दबी, शोषित महिलाओं में आजादी की चिंगारी फूंकी और अपनी हर एक साथी को शोला बना दिया। तात्या टोपे से उनकी बात हुई, उसके बाद अजीजन ने अपनी सारी संपत्ति नाना साहब को दान कर दी। स्वतंत्रता संग्राम की इस नायिका से ब्रितानी सैनिक कांपते थे। देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम में अजीजन बाई ने कानपुर की धरती पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वह महिला सशक्तीकरण की प्रतीक थीं। आज पूरा देश उनकी इस कुर्बानी को सलाम करता है।

**सूचना**

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

मुस्लिम रिश्तें

# रॉयल पत्रिका साप्ताहिक में मुस्लिम रिश्तों में विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें -

मोबाइल: 9772552446, 9799559096

• Beautiful Muslim Sunni Pathan (Yusufzai) girls 22/5.3"/Convent Educated & currently pursuing B.H.M.S./ & other 20/5.5"/Convent Educated & currently pursuing B.A. in Phycology & English Lit./Father retired from Pvt. Company and at present doing E-Mitra work. Both girls are Hijabi, 5 times Namazi, fully religious homely girls from well educated and reputed Shahjahanpur (U. P.) based family currently living in Ajmer. Needs suitable, well educated and settled boys from Muslim Sayed/Pathan caste families.
Contact:
Mobile- 98287 34281

• खूबसूरत अंसारी लड़कियां 32/ 5.4"/B. Tech; इंजीनियर/ ट्रांसफार्मर कंपनी में सीनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत व 29/5.6"/M. Com; MBA/ जयपुर सेज में सीनियर एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत। दोनों दीनी तालीम याफ्ता, जयपुर की पढ़ी-लिखी रेप्यूटेड फैमिली हेतु पढ़े-लिखे, बिजनेसमेन/सरकारी ऑफिसर अच्छी रेप्यूटेड फैमिली के लड़के चाहिए।
संपर्क: 9828048966/ 9166117743

• Beautiful Muslim girl 32/5.5"/ MJMC/PGDCA/ presently working as a Bank Officer/Father retired Govt. Officer, reputed family of Sawai Madhopur. Needs religious well settled, Govt Officer/ Business-man from reputed family. Early Marriage.
Interested please Contact: Mobile-8302114075/8209325917

• 47/6.1"/सिविल इंजीनियर/ तलाकशुदा/ वार्षिक आय 3.5 लाख/ मुस्लिम पठान, जयपुर निवासी आदमी के लिए दीनदार, घरेलू, पढ़ी-लिखी जीवन साथी चाहिए, तलाकशुदा भी मान्य। संपर्क: मोबाइल- 8209336198

28/5.8"/बीएससी; बी. टेक/व्यवसाय टीचिंग/टोंक निवासी प्रतिष्ठित फैमिली के मुस्लिम युवक हेतु सुंदर, पढ़ी-लिखी, दीनदार, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की चाहिए।
संपर्क: मोबाइल- 8769654230

.जयपुर निवासी 25 वर्षीय/बी.ए./ तलाकशुदा (3 वर्ष की बच्ची है)/दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की हेतु दीनदार, नमाज़ी, नौकरीपेशा/ बिजनेसमैन राजस्थानी लड़का चाहिए। इच्छुक सम्पर्क करें- मोबाइल: 98294 43086/97725 52446.

•जयपुर निवासी 25/5'.4"/ M.Sc. B.ed/ पठान लड़की/ गवर्नमेंट में अध्यापिका के पद पर कार्यरत हेतु पढ़े-लिखे गवर्मेंट ऑफिसर/नौकरीपेशा/बिजनेस मैन लड़का जो शेख/सैयद/पठान खानदान से ताल्लुक रखता हो। संपर्क करें - मोबाइल नंबर: 7223023871

•हनफी अंसारी सुन्नी मुस्लिम डॉक्टर 28/5.5"/BHMS/खुद की क्लिनिक/ जयपुर निवासी हेतु ग्रेजुएट, दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष लड़की चाहिए। सम्पर्क: 7976464322/9772552446

.35/5.2"/B.Sc./Fair colour/Deeni Taleem yafta Divorced Sunni Muslim girl from educated, reputed family of Jaipur. Presently doing tution job at home. Need educated, settled religious groom. Early Marriage. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9352666093/9772552446

.Sunni Muslim girl 37/5.6"/M.A; MBA/Divorced (No issue)/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious suitable man from reputed family from Sayed /Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/ Ajmer/Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9314720003/9772552446

• Beautiful Pathan girl 34/M.Tech (Computer Science), Sr. Database Administrator and Software Developer, Finance Department of Secretariat Government of Rajasthan (Pvt basis). Father retired Govt. Officer, well educated and reputed family of Tonk. Needs well educated, settled and religious boy from Jaipur based family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9772552446/9799559096

• Hanafi Sunni Muslim beautiful girl 25/5.5". Education Qualification: Masters in Litrature and PG Diploma in Digital Marketing. Father Govt officer. Well educated and reputed family of Bhilwara. Need well educated, religious, settled boy from reputed family. Contact Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

. 23/5.4"/एम. कॉम; आई टी आई (ड्रेस मेकिंग) व RSCIT कोर्स, दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत जयपुर निवासी अंसारी लड़की। वालिद कॉन्ट्रेक्टर- फेब्रिकेशन वर्क हेतु दीनी, पढ़ा- लिखा खूबसूरत नौकरीपेशा/बिजनेसमैन अच्छे परिवार का लड़का। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल नं. 9772552446/9799559096

• Sunni Muslim girl 32/5.8"/M.A; LLB, Perusing LLM/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious boy from reputed family from Sayed /Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• आगरा निवासी लड़की 28/5.5"/बी. एससी/ खूबसूरत, रंग फेयर, दीनी तालीम याफ्ता, वालिद बिजनिसमैन। रेप्यूटेड पढ़ी-लिखी सुन्नी मुस्लिम सिद्दीक़ी फैमिली हेतु सुंदर, पढ़े-लिखे, बिजनिसमैन/ नौकरीपेशा अच्छे खानदान से ताल्लुक रखने वाले लड़के की। संपर्क- रॉयल पत्रिका ऑफिस, जयपुर। ph . 9772552446, 9799559096

• Jaipur based Sunni Muslim girl 31/B. Tech/Beautiful, Deeni Taleem Yafta. Father retired Govt. Officer. Needs well educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• Sunni Ansari Muslim Jaipur based divorced girl 37/M.A; B.ed/Deeni Taleem Yafta. Need suitable educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446 /9799559096

• Sunni Muslim boy 30/5.10"/80 kg. weight/Master in Criminology with Gold Medal/own business. Father retired as Dean from Veterinary College. Home town in Tonk, living in Palanpur, Gujarat, well educated, reputed and well settled small family. Need suitable homely, religious, educated girl from reputed family. Preference to Tonk based girl. Contact: Mobile : 9772552446, 9799559096

• Jaipur based Sunni Muslim boy 28/5.8" M.Com and B.PEd degree English medium. At present Tennis Coach in Pvt School, Father businessman, well settled and educated family. Needs Jaipur based homely religious girl . Contact: Mobile : 8107860666

• Udaipur based Syed/Siddiqui girl 28/5.4"/ B.Tech (Electronics & Communication Engineering) Convent educated, working in Bank as Manager (Central Govt. job transferrable all over India), Annual package 8.00 lakh. Father Addl. Director in Govt. Deptt. and Mother Govt. Teacher (Taken VRS). Well reputed and educated family. Needs suitable religious Muslim boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446, 9799559096.

• जयपुर निवासी सुन्नी सैयद मुस्लिम लड़की 27/5.2" एम.ए. (पॉलिटिकल साइंस), दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत, घरेलू कार्य में दक्ष, वालिद एडवोकेट- नोटरी पब्लिक, प्रतिष्ठित पढ़ी लिखी, स्माल फैमिली हेतु पढ़े लिखे नौकरीपेशा/ बिजनिसमैन सुयोग्य युवक चाहिए। जयपुर निवासी को प्राथमिकता। इच्छुक संपर्क करें : 9772552446, 9799559096

• चुरू (राजस्थान) निवासी सुन्नी मुस्लिम दीनी तालीम याफ्ता लड़की 23/5.2" एम. एससी. (फिजिक्स), रंग फेयर, बैंक एक्जाम की तैयारी कर रही हेतु सुयोग्य, पढ़े - लिखे व सेटल्ड मुस्लिम युवक को प्राथमिकता। इच्छुक संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाईल : 9772552446, 9799559096

• Udaipur based Sunni Muslim Siddiqui smart boy 30/6'4"/90 weight kg; MBA, complexion fair, job in UAE Bank as Customer Relationship Officer. Need beautiful, well educated, homely cultural & religious girl. Contact : Royal Patrika office, Jaipur Mob : 9772552446, 9799559096

• Nasirabad based Sunni Muslim religious & moral ethics boy 32/5'5 weight 72 kg. Diploma in Information Tech; Diploma in Automobile Engineering. Occupation: Integrated Organic Agro and Poultry Farming. Father Dy. Director (Retd) from Military Engineer Service. Needs beautiful, Caring, Compassionate, Sensitive,
Homely, Cultured & Religious girl for well educated family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• सुन्नी मुस्लिम नसीराबाद निवासी फेयर व सुंदर लड़का 28/5'11"/बी ए ; होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा, स्वयं की ट्रांसपोर्ट कंपनी आय 2/2.5 लाख प्रति माह। फादर बिजनेसमैन, मदर का स्वयं का लेडीज गारमेंट्स, किड्स क्लोथ्स शोरूम हेतु सुंदर, सुशील पढ़ी लिखी लड़की चाहिए। संपर्क- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

• 28/5'5" B.A, B.ed. divorced, no issue. Father Retd. Sr. Dy. DEO, Mother Retd. Librarian. Jaipur based educated Syed Sunni Muslim family. Needs educated, well settled boy. Contact : Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• Suitable match for Jaipur based Syed girl 22/5'3" B. A. And Deeni Taleem Yafta sister (married). Contact: Royal Patrika office. Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• Ajmer based Sunni Muslim Pathan boy 31/5.9"/B.Sc; Bio Tech & Hotel Management Diploma/63 kg. weight/Own Business. Needs suitable religious, homely, educated girl from reputed family. Preference to Pathan, Sheikh & Syed caste. Contact: Royal Patrika Office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• सीकर निवासी मुस्लिम युवक 40/5.6" वाटर प्रूफिंग ठेकेदार के लिए 30 से 35 साल की दीनी, घरेलू , तलाकशुदा/विधवा को प्राथमिकता। इच्छुक मय बायो डाटा सहित संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल : 9772552446/ 9799559096

• Suitable match for Jaipur based Sunni Pathan girl 32/5'4" B.Com; CS Inter completed, Deeni Taleem Yafta. Educated small family. Father retired from JDA. Needs well settled, educated boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• 29/5.3 " पोस्ट ग्रेजुएट व 26/5.3" ग्रेजुएट दीनी तालीम आफता व नमाजी रेप्यूटेड फैमिली जयपुर निवासी, दोनों बैंक में कार्यरत मुस्लिम (सैयद ) युवकों के लिए खूबसूरत दीनी तालीम के साथ-साथ ग्रेजुएट व घर के काम मे दक्ष लड़कियां | बायोडाटा सहित संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय,जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

• खूबसूरत अंसारी लड़की 33/5'/एम ए/ तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, जयपुर निवासी हेतु सुयोग्य पढ़े लिखे अच्छे फैमिली का लड़का। इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल : 9887910863/9772552446

•खूबसूरत अंसारी लड़की 27/5.5"/पोस्ट ग्रेजुएट/तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, सरकारी जॉब की तैयारी, पढ़ी-लिखी जयपुर की प्रतिष्ठित फैमिली हेतु सुयोग्य पढ़े-लिखे अच्छे फैमिली का लड़का। इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल :
9887910863/9772552446

• Hanafi Sunni Muslim smart boy 28/5.8"/MBA; B.Tech (Civil Engineer)/Own Business. Father Govt. Officer. Well educated and Reputed family of Bhilwara. Needs well educated, homely girl from reputed family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096.

•मुस्लिम कायमखानी युवती 25/ बीयूएमएस, फार्मेसी में डिप्लोमा/ वर्तमान में राजकीय चिकित्सा अधिकारी, वालिद वरिष्ठ राजकीय नर्सिंग अधिकारी, सीकर की पढ़ी-लिखी, प्रतिष्ठित फैमिली हेतु सुयोग्य लड़का, राजकीय सेवारत अधिकारी को प्राथमिकता। इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल : 9414288231/9772552446

# आयकर में कैपिटल गेन से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण प्रावधान

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। कैपिटल गेन क्या है: जब आप किसी पूंजीगत संपत्ति (जैसे कि ज़मीन, मकान, ज़ायदाद, शेयर, बॉन्ड्स, म्यूचुअल फंड, आदि) को बेचते हैं और उस पर लाभ प्राप्त करते हैं, तो उसे कैपिटल गेन कहा जाता है। इसे आयकर के तहत टैक्सेबल माना जाता है।

शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन (STCG): यदि किसी संपत्ति को दो साल (कुछ मामलों में एक साल) से कम समय तक रखा जाता है और फिर बेचा जाता है, तो उससे होने वाले लाभ को शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन कहा जाता है।

टैक्स दर: इक्विटी शेयर्स और इक्विटी म्यूचुअल फंड्स पर शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन पर 15% की दर से टैक्स लगता था। जिसे नये केंद्रीय बजट 2024 में बढ़ा कर 20% कर दिया गया है अन्य संपत्तियों के लिए यह करदाता की इनकम स्लैब के अनुसार टैक्सेबल होता है।

लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (LTCG): यदि किसी संपत्ति को दो साल (कुछ मामलों में एक साल) से अधिक समय तक रखा जाता है और फिर बेचा जाता है, तो उससे होने वाले लाभ को लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन कहा जाता है।

टैक्स दर: इक्विटी शेयर्स और इक्विटी म्यूचुअल फंड्स पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर 1 लाख रुपये तक कोई टैक्स नहीं लगता था, जिसे इस बजट में में बढ़ा कर 1 लाख 25 हज़ार कर दिया गया है पूर्व में 1 लाख रुपये से अधिक के लाभ पर 10% की दर से टैक्स लगता था। परंतु अब नये बजट प्रावधान के अनुसार अब ऐसे ट्रांजेक्शन पर 12.50% टैक्स लगाया जायेगा अन्य संपत्तियों के लिए LTCG पर 20% की दर से टैक्स लगता था, जिसमें इंडेक्सेशन बेनिफिट का भी प्रावधान था।

इंडेक्सेशन: इंडेक्सेशन का मतलब है कि आपके द्वारा संपत्ति को रखने के दौरान हुई महंगाई के प्रभाव को समायोजित किया जाता है। इससे लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर टैक्स का बोझ कम हो जाता था। जिसे नये बजट प्रावधान के अनुसार समाप्त कर दिया गया है अब नये प्रावधान में सीधे 12.50% टैक्स का लगाया जाना प्रस्तावित है।

धारा 54 और 54F: यदि आप अपने कैपिटल गेन से नए आवासीय संपत्ति में निवेश करते हैं, तो धारा 54 (आवासीय संपत्ति की बिक्री) और धारा 54F (अन्य पूंजीगत संपत्ति की बिक्री) के तहत कर छूट का दावा कर सकते हैं।

धारा 54EC: यदि आप कैपिटल गेन से कुछ विशेष बांड्स में निवेश करते हैं, जैसे कि NHAI या REC के बांड्स, तो 50 लाख रुपये तक की राशि पर LTCG टैक्स छूट प्राप्त कर सकते हैं।

सेटलमेंट या ट्रांसफर के समय: किसी संपत्ति को बिना बेचे ट्रांसफर करने या किसी फैमिली सेटलमेंट के अंतर्गत ट्रांसफर करने पर कैपिटल गेन टैक्स नहीं लगता, लेकिन ऐसी स्थितियों में स्टैम्प ड्यूटी और अन्य करों का ध्यान रखना जरूरी होता है।

कैपिटल गेन से संबंधित ये प्रावधान उन करदाताओं के लिए महत्वपूर्ण हैं जो संपत्तियों में निवेश करते हैं, क्योंकि इससे उन्हें कर नियोजन में मदद मिलती है।

नये प्रावधानों के तहत कैपिटल गेन टैक्स के इंडेक्सेशन का लाभ समाप्त करने से अतिरिक्त कर दायित्व बढ़ेगा इस आय के ऊपर करदाता पर अतिरिक्त करभार लगाया जाना अनुचित है।



एडवोकेट मुजाहिद अख़्तर
टैक्स सलाहकार

# साइट इंस्पेक्टर को एक साल से नियुक्ति का इंतजार

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। युवाओं को रोजगार का सपना लगता है सपना है रहने बाला है। काफी इतंजार के बाद रोजगार की थोड़ी सी संभावना जागती भी है तो सरकार उसको भी बुझाते में लग जाती है। कई मामलों की तरह एक मामला साइट इस्पेक्टर को अब तक नियुक्ति नहीं देने का है।

दरअसल पूरे प्रदेश के युवा इंजिनियरों व आर्किटेक्ट से पंजीयक एवं मुद्रांक विभाग की ओर से पिछली सरकार में 28 जून से 12 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। पिछली सरकार में बजर वर्ष 2023-24 में बजट घोषणा की थी। जिस में रजिस्ट्री से पहले प्रापर्टी के वेरिफिकेशन के लिए जयपुर में 183 सहित प्रदेश भर में का लगभग 1700 साइट इस्पेक्टरों को को नियुक्त करने की घोषणा की थी। जिसमें सब रजिस्ट्रार के स्थान पर साइट इस्पेक्टर से प्रापर्टी का थर्ड पार्टी वेरिफिकेशन करवाया जाना था। जिसके लिए समांग स्तर पर शैक्षणिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया गया। भजनलाल सरकार में 23 से 25 फरवरी 2024 तक प्रदेश के चयनित आवेदकों को प्रशिक्षि प्रशिक्षण प्रशिक्षण भी दिया दिया जा चुका है। यह सब प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी अब तक नियुक्ति नहीं दी गई और ना हीं सरकार की ओर से नियुक्ति देने के बारे में कोई आश्वासन दिया जा रहा है।

मौका निरिक्षक एप के माध्यम से इस कार्य को को केवल दो दिन में करेंगें। जिसे सब रजिस्ट्रार को करने में बीस दिन का समय लगता था। सरकारी मुद्रांकन पंजियन विभाग में कार्य प्रोपर्टी का कार्य शीघ्र व सुगम हो यह इस का ध्येय था।

## राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान रोहट में अतिथि अनुदेशक (गेस्ट फैकल्टी) के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 अगस्त

पाली (रॉयल पत्रिका)। राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान रोहट में DGT द्वारा निर्धारित योग्यता व अनुभव के आधार पर निम्नलिखित व्यवसायों इलेक्ट्रीशियन, फिटर,. वर्कशॉप केलकुलेशन व साइंस तथा इंजी ड्राईंग, फैशन डिजाइन एवं टेक्नोलॉजी, एम्पलॉयबिलिटी स्कील, 6. वेल्डर, 7. इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक, 8. ड्राफ्टमेन सिविल आदि में अतिथि अनुदेशक (गेस्ट फैकल्टी) के आवेदन आमंत्रित किये गए है। संस्थान के नवीन डाबी ने बताया कि व्यवसाय अतिथि अनुदेशक (गेस्ट फैकल्टी) के लिए योग्यता व अनुभव के लिए संबंधित व्यवसाय में आई.टी.आई. तथा 3 वर्ष का अनुभव अथवा डिग्रीया. डिप्लोमा व दो वर्ष का कार्य अनुभव होना आवश्यक है। सी.आई.टी.एस योग्यताधारी को प्राथमिकता दी जायेगी। एम्पलॉयबिलिटी स्कील के लिए बीबीए, एमबीए, बीए अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र में होनी चाहिए। उन्होंने बताया की कार्य के इच्छुक अभ्यार्थी 20 अगस्त .2024 को सांय 5.00 बजे तक आवेदन कर सकते है। राज्य सरकार द्वारा अतिथि अनुदेशक (गेस्ट फैकल्टी) का अधिकतम पारिश्रमिक 19.500 / रूपये निधारित किया गया है। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नं. 9829197782 पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**जिला कोर्ट में चपरासी के पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी योग्यता 8वीं पास और आवेदन निशुल्क**
**https://studygovtjob.in/district-court-palwal-vacancy-8th-pass-last-22-august/**
**आवेदन 31 जुलाई से 22 अगस्त तक, संपूर्ण जानकारी यहां देखें**

**आर्मी एएससी सेंटर 10वीं पास भर्ती, अंतिम तिथि 16 अगस्त**
**https://studygovtjob.in/army-asc-centre-south-vacancy-10th-pass-last-16-august/**

**केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण 10वीं पास भर्ती, अंतिम तिथि 19 अगस्त**
**https://studygovtjob.in/central-electricity-authority-vacancy-canteen-attendant-10th-pass/**

**HDFC कक्षा 1 से लेकर कॉलेज तक पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों को 75000 रुपए स्कॉलरशिप**
**https://studygovtjob.in/hdfc-bank-scholarship-rs-75000-form-start/**

**पोस्ट ऑफिस 8वीं पास भर्ती, अंतिम तिथि 30 अगस्त**
**https://studygovtjob.in/post-office-skilled-artisans-vacancy-8th-pass-last-30-august/**

# सखी क्लब ने पौधारोपण कर मनाया मित्रता दिवस

## -सुख-दुख में जो साथ निभाएं वह है सच्चा मित्र-उर्मिला भाया



बारां (रॉयल पत्रिका)। सखी क्लब अध्यक्ष उर्मिला जैन भाया, चन्द्रकला सेठी ने बताया कि सम्पूर्ण किट्टी पार्टी का आयोजन आशा गोयल की तरफ से रहा जिसमें रिमझिम-रिमझिम बारिश की सुहानी फुहारों में मौसम में सखियों द्वारा बरसात के मौसम के सबसे प्रिय कहे जाने वाले भोजन खीर-मालपुए का लुफ्त उठाया। सभी सखियों ने एक-दूसरे की कलाई पर फ्रेण्डषिप बैण्ड बांधे तथा सुख-दुख में साथ निभाने का वादा किया एवं सावन में सुहावने मौसम में फार्म हाउस पर सखियों द्वारा पौधारोपण किया गया।

अध्यक्षा उर्मिला जैन भाया ने इस अवसर पर कहा कि मित्रता जीवन का अनमोल रत्न है। यह विशेष रिश्ता है जो दोस्तों के बीच विश्वास, सम्मान और समर्थन के साथ बनता है। मित्रता हमें खुशियों को बांटने और दुखों को कम करने का रास्ता दिखाती है। मित्रता जीवन को सजाने और समृद्ध करने का एक महत्वपूर्ण तत्व है। मित्रता एक ऐसी अनमोल धरोहर है जो हमारे जीवन को सुंदर बनाती है और हमें आनंद का एहसास कराती हैं।सखी क्लब की सचिव श्रुति सिंघल, सचिव त्रिषला जैन ने आया सावन झूमके प्रतियोगिता में मृदुला सोनी विजेता रही। म्हारे छतरी के नीचे आजा प्रतियोगिता की विजेता मधु शर्मा, सदा सुहागिन रहो प्रतियोगिता में मंजू-सुरेष बंसल, आई लव माय फ्रेण्ड प्रतियोगिता में उर्मिला जैन भाया विजेता रही। कार्यक्रम की कोषाध्यक्ष मधु शर्मा, सभापति ज्योति पारस ने बताया कि जिन सखियों का इस महिने जन्मदिन है उनका केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान मंजू जैन, प्रेरणा शर्मा, चन्द्रकला माथोडिया, मधु गुप्ता, विनीता विजय, विमला जैन, रानी नोपडा, शालिनी गुप्ता आदि सदस्याएं उपस्थित रही।

### पीड़ित नाबालिग बालिका के परिवार से मिले पूर्व मंत्री भाया और पूर्व विधायक पानाचन्द

बारां(रॉयल पत्रिका)। बारां शहर में गत 03 जुलाई को 13 वर्षीय नाबालिग पंजाबी समाज की बच्ची के साथ स्कूल में हुए दुष्कर्म की घटना को लेकर राज्य के पूर्व खान एवं गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया एवं बारां-अटरू के पूर्व विधायक पानाचन्द मेघवाल पीड़ित परिवारजनों से मिले तथा घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया ने पुलिस महानिदेषक, प्रदेष अध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को पत्र लिखकर उन्हें इस घटना के दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी किए जाने की मांग की गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचरण मीणा ने बताया कि 03 जुलाई 2024 को बारां शहर में पंजाबी समाज की 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ स्कूल के समय एक दुष्कर्म का अपराध कारित किया गया जिसकी जानकारी पुलिस को होने के बावजूद बारां पुलिस द्वारा इस मामले में घोर लापरवाही बरती गई है। घटना के 7 दिन बाद 10 जुलाई 2024 की रात्रि को प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज की गई। इस गंभीर अपराध के एक माह बाद भी अभी तक पुलिस द्वारा अपराधी गिरफ्तार नही किए गए है। पूर्व मंत्री प्रमोद भाया ने कहा कि प्रदेष में नारी सुरक्षा की बातें की जाती है, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ की बात की जाती है और जहां बेटी पढ़ने गई वहीं उसके साथ ऐसी दुर्दान्तकारी घटना घटित हो जाए तथा घटना के एक माह भी कोई गिरफ्तारी नही हो इससे बड़े शर्म की बात और क्या हो सकती है। दिखावा करने के लिए अकर्मण्य बारां पुलिस ने तफ्तीष बदल दी परन्तु परिणाम ढाक के तीन पात है। पूर्व विधायक पानाचन्द मेघवाल ने कहा कि इस घटना से पंजाबी समाज ही नही सभी समाज आक्रोषित है, बेटी, बेटी ही होती है। कई सामाजिक संगठन भी इस घटना के विरोध में समाजों को साथ लेकर सड़क पर उतरने की तैयारी कर रहे है और यदि न्याय के लिए समाज को सड़क पर उतरना पड़े तो यह दुर्भाग्य ही नहीं हमारे सभ्य समाज के माथे पर एक कलंक होग। दोनों नेताओं ने पुलिस महानिदेषक जयपुर से इस प्रकरण में अपने स्तर पर हस्तक्षेप करने, त्वरित व निष्पक्ष जांच करवाने, दोषियों को तुरन्त गिरफ्तार करवाने और उन्हें कठोर से कठोर सजा दिलाने की मांग की गई है ताकि समाज में यह स्पष्ट संदेष जाए कि ऐसे दरिन्दों को छोड़ा नही जाएगा। वही कांग्रेस के प्रदेष अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली से इस प्रकरण को अगले कार्यदिवस पर विधानसभा में पुरजोर तरीके से उठाने का आग्रह किया।

# राज्य में अंगदान जन- जागरुकता अभियान के तहत "अभिनव पहल"

## -जिले के चिकित्सा संस्थान जगमगाये हरी रोशनी से

**फिरोज खान वारसी**




झालावाड़ (रॉयल पत्रिका)। भारतीय अंगदान जन-जागरुकता अभियान के तहत अंगदान को महादान का दर्जा देते हुए राज्य सरकार ने इसके प्रचार-प्रसार के लिये एक नई पहल की है। जिसके माध्यम से बताया गया कि एक जिम्मेदार व्यक्ति के अंगदान से कई जिंदगियों को बचाया जा सकता हैं और इसी महत्व को ध्यान में रखते हुये राजस्थान सरकार ने अंगदान जागरुकता की शुरुआत की है। इस अभिनव पहल के तहत 02 और 0 3 अगस्त को जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों पर हरी लाईट से डेकोरेशन किया गया है। और इस गतिविधि के माध्यम से आमजन को अंगदान के प्रति सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया है। हरी लाईट के माध्यम से जिले के चिकित्सा संस्थान एवं कार्यालयों की इमारतों को हरे रंग की रोशनी से सजाया गया। जिससे अंगदान के महत्व पर ध्यान केन्द्रित करते हुये पहल के माध्यम से आमजन को अंगदान के प्रति जागरुक किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि राजस्थान सरकार की इस अभिनव पहल के माध्यम से आमजन को अंगदान के लिये प्रेरित करवाते हुये अधिक से अधिक आमजन से यथा-सामार्थ्य अपने-अपने अंग का दान करने की शपथ आनलाईन भरवाई जावेगी ताकि एक नागरिक के अंगदान करने से कई जिंदगियों को बचाया जा सके । इस पर विशेष जोर दिया जाएगा।

# कालीसिंध नदी में बहे दंपति व युवक के शव तीसरे दिन मिले

## -शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद दोनो को किया गया सुपुर्द ए खाक



झालावाड़/बारां (रॉयल पत्रिका)। गुरुवार को गागरोन स्थित कालीसिंध नदी की रपट पार करते समय तेज बहाव में बहे दंपति और एक अन्य युवक का शव 36 घंटे बाद शनिवार सुबह मिले। दंपति के शव 1 किलोमीटर दूर मिले जबकि उनको बाइक पर नदी पार करवाने वाले युवक का शव करीब 2 किलोमीटर दूर मिला। तीनों शव एसआरजी अस्पताल में पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिए गए। गौरतलब है कि गुरुवार को मांगरोल, बारां निवासी इरफान और उसकी पत्नी साजिदा गागरोन स्थित दरगाह पर जियारत करने आए थे यहां कालीसिंध नदी की रपट पर पानी का बहाव होने के बावजूद नयागांव बरेड निवासी मनीष गुर्जर ने उनको नदी पार करा दी। जियारत करने के बाद इरफान और और साजिदा वापस रवाना हो रहे थे तब भी मनीष बाइक पर बैठाकर उनको नदी पार कर रहा था इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह बाइक से गिर गए और नदी के तेज बहाव में बह गए। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीमों ने गुरुवार और शुक्रवार को उनकी खूब तलाश की लेकिन वह नहीं मिले। शनिवार सुबह 6:00 बजे ही फिर से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया घटनास्थल से कुछ दूरी पर चट्टानों के बीच सर्च टीम को 2 शव तैरते हुए मिले वह दोनों शव मांगरोल निवासी दंपति इरफान और साजिदा के थे, सिविल डिफेंस की टीम उनके शव नाव से किनारे पर लाई। इसके बाद बाइक सवार मनीष गुर्जर की तलाश शुरू की गई बलिंडा घाट के पास उसका शव भी मिल गया बाद में तीनों शव का जिला एसआरजी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सुपुर्द किए गए। युवक इरफान को मांगरोल व साजिदा को बारां कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया।

# बजट घोषणा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने देर रात मनाया जश्न

रामगंजमंडी/सुकेत (रॉयल पत्रिका)। विधानसभा सत्र के अंतिम दिन पर मुख्यमन्त्री द्वारा की गई घोषणाओं से रामगंजमंडी विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं दूसरे को मिठाई खिलाकर और आतिशबाजी कर जश्न मनाया। गौरतलब है की लगातार दूसरी बार लोकसभा स्पीकर बनने के बाद रामगंजमंडी अभिनंदन समारोह में में जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र काला प्रकाश धारीवाल नगर उपाध्यक्ष विशाल जैन पार्षद शिवराज मीना रामेश्वर यादव लोकेश पावेचा शैलेश काला धीरज चेलावट




में खुशी की लहर दिखाई दी। रामगंजमंडी विधानसभा की जनता की वर्षो पुरानी हॉस्पिटल के कर्मोनायन की मांग थी। रामगंजमंडी के मरीजों को इलाज के लिए झालावाड़ या कोटा रेफर कर दिया जाता था और एनएच 52 पर आए दिन लगने वाले जाम से राहत के लिए आर यू बी की घोषणा पर कार्यकर्ताओ ने एक पधारे ओम बिरला और शिक्षा एवम पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर रामगंजमंडी की जनता से वादा करके गए थे जो पूरा हुआ।

महामंत्री और पार्षद अखिलेश मेडतवाल ने बताया की रामगंजमंडी विधानसभा की जनता की आशाओं के अनुरूप ही आगामी 5 सालो मे भी भरपूर विकास कार्य करवाए जाएंगे। जश्न दीपक गुप्ता विशाल गुप्ता महेश नामदेव पप्पू मराठा अमित डांगी गुड् सुनेजा विजयप्रकाश मीना लवीश गुप्ता उमेश महेश्वरी कमलेश पाटीदार संजय धाकड़ राजू खंडेलवाल सुनील गुप्ता धीरज पोरवाल सुमित सोनी सूरज बैरवा गोविंद सोलंकी दिलीप पाटीदार तनिष्क गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# भंडारे को लेकर हुई रैगर समाज की बैठक

सुकेत (रॉयल पत्रिका)। बाबा रामदेव भंडारे के शुभारंभ के लिए रैगर समाज ने पीलिया खाल स्थित बाबा रामदेव मंदिर पर बैठक का श्रावण मास की पूर्णिमा को भंडारे का शुभारंभ किया जाएगा। बाबा का भंडारा करीब एक माह तक चलता है जिसमें सभी रैगर समाज



आयोजन किया गया। बैठक में समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। सभी समाज बंधुओं द्वारा नवीन कार्यकारणी का उद्घाटन किया। बाबा रामदेव जाने वाले पैदल यात्रियों के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इस पर सभी समाज बंधुओं ने विचार विमर्श कर कायोगदान रहता है जिसमे पैदल यात्रियों को चाय नाश्ता, खाने और सोने की व्यवस्था रहती है। बैठक में नवीन कार्यकारणी में कालूलाल, केश्रीलाल, धर्मेन्द्र रैगर, हुकुम चंद, कमलेश रैगर को भंडारे की प्रमुख जिम्मेदारी दी गई एवं रैगर समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# फायरिंग मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार, निकाला जुलूस

सुकेत (रॉयल पत्रिका)। थाना पुलिस ने फायरिंग मामले में फरार आरोपी को कोटा के डकनिया से शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। था। तभी से दोनों जेल में है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच में घटना को अंजाम देने में अन्य बदमाशों की भूमिका भी सामने



इसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को नगर में नंगे पैर घुमाकर जुलूस भी निकाला। मामला सुकेत बस स्टैंड के समीप का है। जहां आरोपियों ने 4 जुलाई को फायरिंग की वारदात को अंजाम देते हुए यासिर के पैर में गोली मार दी थी। उसके बाद घायल यासिर को जयपुर के एक अस्पताल भर्ती कराया गया था। हालांकि पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए घटना को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी विनोद योगी और तौकीर को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया आई थी। इसके बाद वारदात को अंजाम देकर फरार आरोपी वसीम बेग को गिरफ्तार कर लिया गया। जिससे पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया कि रामगंजमंडी रोड़ सुकेत बस स्टैंड के समीप हुई फायरिंग मामले में फरार आरोपी वसीम बेग पुत्र राशिद बेग निवासी नयापुरा मोहल्ला सुकेत को गिरफ्तार किया गया है। फरार चल रहे वसीम को कोटा के डकनिया से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# डॉ. राजकुमार यादव ने किया सफल हृदय प्रत्यारोपण ऑपरेशन

## -जोधपुर से एअर एम्बुलेंस से जयपुर लाया गया था धड़कता हुआ दिल



बारां (रॉयल पत्रिका ) । सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर में डॉ. राजकुमार यादव ने पूजा सेन का सफल हृदय प्रत्यारोपण ऑपरेशन कर एक बार रेकार्ड कायम कर दिया। धड़कता हुआ दिल जोधपुर से एअर एम्बुलेंस से जयपुर लाया गया था।

बारां के पास मेलखेडी गांव में जन्मे डॉ. यादव का यह तीसरा हृदय प्रत्यारोपण ऑपरेशन है। इससे पूर्व भी वे दो लोगों को हृदय प्रत्यारोपित कर चुके हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर एक रेकार्ड बन गया। डॉ. यादव के भ्राता एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश यादव ने बताया कि जोधपुर की ब्रेन डेड मरीज अनिता के परिवार द्वारा अंगदान की घोषणा करने के तुरंत बाद डॉ. यादव अपनी टीम के साथ एअर एम्बुलेंस से जोधपुर पहुंचे।

जहां एम्स अस्पताल में भर्ती अनिता का हृदय निकाल कर दो घंटे में जयपुर एसएमएस में पहुंचे तथा वहां भर्ती पूजा सेन को सफलता पूर्वक हृदय प्रत्यारोपित कर दिया गया। धड़कते दिल को लाने के लिए जयपुर व जोधपुर पुलिस ने एअरपोर्ट से ग्रीन कोरिडोर बनाया था। डॉ. राजकुमार यादव के साथ डॉ. संजीव देवगढ़ा, डॉ. आरजी यादव, एनेस्थिशिया की डॉ. रीमा मीणा, डॉ. अंजुम आदि जटिल आपरेशन टीम में शामिल रहे।

# चालीसवें के ताजिए का जुलूस 24 व 25 अगस्त को

बारां (रॉयल पत्रिका )। हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में निकाले जाने वाले ताज़िए का जुलूस शनिवार 24 अगस्त रात में और रविवार 25 अगस्त 2024 को दोपहर में निकाला जाएगा। चालीसवें के ताज़िए कमेटी के संयोजक अब्दुल रहमान (बाबा) और लाइसेंस धारी मोईन बाबा ने बताया की ताजिया शनिवार रात को छोटा सराफा बाजार स्थित इमाम बाड़े से रवाना होकर श्रीजी चौक, जामा मस्जिद मार्ग होते हुए दरगाह मरदान गेब साहब पहुंचेगा, यहां से तड़के 5:00 बजे सब्जीमंडी की टेक, इंदिरा मार्केट, शास्त्री मार्केट, कर्मा जी की गली, सराफा बाजार होते हुए वापस इमामबाड़े पर पहुंचेगा। कमेटी के इकबाल रीगल ने बताया कि रविवार को दिन में 12:00 बजे ताजिया इमामबाड़े से रवाना होकर सब्जी मंडी स्थित दरगाह बाबा मरदान गेब पर पहुंचेगा, यहां से शाम 4:00 बजे रवाना होकर सब्जी मंडी, इंदिरा मार्केट, प्रताप चौक, धर्मादा चौराहा, अंजुमन चौराहा होते हुए डोल मेला तालाब स्थित करबला पर पहुंचकर समाप्त होगा। जुलूस के दौरान लोग अखाड़े का प्रदर्शन करेंगे, मातमी धुन बजाई जाएगी सबील लगाकर शरबत पानी पिलाया जाएगा। कमेटी के शाहिद हुसैन, साजिद अली, इरफान अली, अफसर अली, सादिक हुसैन, अली हुसैन, सद्दाम हुसैन, आबिद, राजा खान, हैदर अली, हुसैन मोहम्मद, आदि तैयारियों में जुट गए हैं।

# जिंक स्मेल्टर देबारी में आतंकवादी हमले और बंधको को छुडाने की मॉक ड्रिल



उदयपुर(रॉयलपत्रिका)। रणनीतिक दूरदर्शिता और तत्परता से हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड जिंक स्मेल्टर देबारी में राजस्थान पुलिस एटीएस के सहयोग से मॉक ड्रिल का आयोजन किया। राजस्थान पुलिस एटीएस उदयपुर के साथ आतंकवादी हमले और बंधकों को छुड़ाने के लिए जिंक स्मेल्टर देबारी सुरक्षा, बचाव, चिकित्सा और अन्य ईएमआर के साथ संयुक्त मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण अभ्यास में आतंकवादी हमले और बंधक बनाने की स्थिति से निपटने को पूर्वाभ्यास किया गया। इसे जिंक स्मेल्टर देबारी के कर्मियों और प्रमुख हितधारकों की सुरक्षा उपायों और प्रतिक्रिया क्षमताओं का परीक्षण करने के लिए सावधानीपूर्वक किया गया। लगभग 2 बजकर 35 मिनट पर अपराधियों द्वारा अचानक सूचना दी गयी कि संयंत्र में आतंवादियों ने घुसपैठ की हैं। इसके बाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं वेदांता समूह के मुख्य सुरक्षा अधिकारी गोपाल प्रसाद चौधरी एवं देबारी एसबीयू हेड, अमीत वाली को मुख्य सुरक्षा अधिकारी अनूप के आर ने अंकिता साहू, रितु अरोड़ा और शिवम तिवारी के साथ संभावित खतरों की विस्तृत जानकारी दी। सीसीटीवी निगरानी के माध्यम से घुसपैठ का पता चलने पर, नियंत्रण कक्ष ने तेजी से आपातकालीन संचार प्रोटोकॉल सक्रिय किया, सीएसओ और आपातकालीन प्रतिक्रिया दल, ईआरटी को सूचित किया। 2:45 मिनट पर स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया, जिन्होंने मामले को एटीएस उदयपुर और अन्य संबंधित एजेंसियों को भेज खुफिया टीम, सीएसओ और पुलिस ने एटीएस को विस्तृत जानकारी दी। सुरक्षा दल ने एटीएस टीम को गंभीर खतरे से अवगत कराया। इसके बाद एटीएस की 20 कमांडो की टीम ने कैलाश और भानु प्रताप के नेतृत्व में मॉक ड्रिल के उद्देश्यों और योजना को रेखांकित किया। एचएसई हेड दिगंबर पाटिल, मणिकंदन, राहुल और अब्दुल की टीम के मार्गदर्शन में परिधि को सुरक्षित करने के लिए तत्काल घेरा स्थापित किया गया, जबकि एटीएस ने सामरिक बंधक बचाव योजना तैयार करने के लिए सभी एजेंसियों के साथ समन्वय किया। दो अलग अलग टीम बना कर रणनिती बनाते हुए अलग अलग स्थानों से बंधक बनाने वाले स्थान पर प्रवेश किया गया। जहां से बचाव अभियान दल सभी बंधकों को सुरक्षित रूप से निकालने और बिना किसी हताहत के खतरे को बेअसर करने में सफल रही। ऑपरेशन के बाद, संयुक्त डीब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया, जिसके दौरान एटीएस उदयपुर ने बहुमूल्य जानकारी और प्रतिक्रिया प्रदान की। इस माक ड्रिल से प्राप्त जानकारी से जिंक स्मेल्टर देबारी द्वारा एटीएस उदयपुर और सभी भाग लेने वाली टीमों को उनके समर्पण और व्यावसायिकता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान सीएमओ सुमीत सिरोया और टीम के नेतृत्व में साइट पर मेडिकल टीम उपस्थित थी।

# कावड़ यात्रियों का किया ग्रामीणों ने स्वागत

**डॉ० तोहीद**

सुकेत(रॉयल पत्रिका)। नगर से होकर गुरुवार को कावड़ यात्रियों का जत्था निकला। धर्मप्रेमियों ने कावड़ यात्रा का स्वागत किया। कावड़ यात्रा खान सातलखेड़ी गांव से उज्जैन जा रही थी। नगर से निकलते समय कावड़ यात्री भोले के जयकारे लगाते निकले। तकरीबन सवा सौ लोगों का जत्था उज्जैन महाकालेश्वर रवाना हुआ है। श्रावण माह की शुरुआत के साथ ही नगर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में कावड़ यात्री कावड़ लेकर निकल रहे हैं। इस दौरान रिमझिम और तेज बारिश में भी यात्रियों का उत्साह कम नहीं हुआ। उज्जैन महाकाल नर्मदा नदी से जल भरकर यात्री कावड़ लेकर उज्जैन महाकाल ज्योतिर्लिंग या फिर अपने क्षेत्र के शिव मंदिर पहुंचकर जल अर्पित करते हैं।

# सचिन पायलट जनता के लोकप्रिय जन नेता है : महन सरिया

**एम ए पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महन सरिया ने आज नई सड़क पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक



बैठक में कहा कि सचिन पायलट राजस्थान में जनता के लोकप्रिय जन नेता है महनसरिया ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री व एआइसीसी के महासचिव सचिन पायलट जब जयपुर आते हैं तो हजारों की संख्या में राजस्थान के कोने-कोने से उनके 11 सिविल लाइंस बगले पहुंचकर स्वागत करके अपनी अपनी जन समस्याओं से अवगत कराते हैं, महनसरिया ने कहा कि अभी कोई लोकसभा या विधानसभा के चुनाव नहीं है फिर भी हाल ही में सवाई माधोपुर जिले की बोली तहसील में भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय राजेश जी पायलट की मूर्ति के अनावरण समारोह में लाखों लोगों का आना माइने रखता है इसी प्रकार हाल ही में जयपुर बिरला ऑडिटोरियम स्टेडियम में एनएसयूआई के अध्यक्ष विनोद जाखड़ के शपथ ग्रहण समारोह में युवाओं की ऐतिहासिक भीड़ एवं पायलट के प्रति जोश देखने लायक था, महनसरिया ने कहा कि युवा पायलट को अपना भविष्य मानते हैं, इस पर राजस्थान की जनता गर्व महसूस करती है इस अवसर पर किसान नेता अमर सिंह दनेवा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरफूल सिंह भांभू, पूर्व पार्षद सत्यनारायण बाकोलिया, पार्षद प्रत्याशी मोहन ट्रेलर, हाजी यूसुफ खान लोहार, पूर्व जिला परिषद सदस्य किशनाराम बाबल, मनोज महन सरिया एडवोकेट, युवा कांग्रेस के आबिद मलनस, लक्ष्मण राम मेहरा, शिवम सोनी, व परमेश्वर लाल रेगर आदि उपस्थित थे

# भारी बरसात के कारण हुए नुकसान के लिए मुआवजे व राहत कार्य को लेकर जिला कलक्टर को दिया ज्ञापन

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी को जिले में भारी बरसात के कारण हुए आर्थिक (माल ) नुकसान के मुआवजा व राहत कार्य की मांग का ज्ञापन दिया।



चूरू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने कहा कि जिले में 31जुलाई को देर रात तथा 01 अगस्त को हुई भारी वर्षा से काफी नागरिकों को बहुत नुकसान हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा वर्षा से हुए नुकसान के लिए किया जा रहा राहत कार्य संतोषजनक नहीं है।

उन्होंने कहा कि चूरू शहर में हुई भारी वर्षा से बहुत से व्यक्तियों को आर्थिक हानि हुई। इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों से समुचित जांच करवाते हुए पीड़ितों को आर्थिक सहायता दी जाए।

चौहान ने कहा कि शहर में जगह -जगह भारी जल भराव के कारण रास्ते अवरुद्ध हो रहे हैं। लोगों का घरों से निकला मुश्किल हो रहा है। स्कूलों एवं मदरसो में काफी पानी भर गया है । पार्षद अजीज खान ने बताया कि मदरसा मदीने में काफी पानी भर गया व नुकसान हुआ है । वहीं व्यापारी वर्ग भी इस समस्या से काफी आहत हुआ है। बाजार में दुकानों में पानी भर गया। इसलिए जिला प्रशासन व्यापक स्तर पर राहत कार्य चलाकर आमजन को राहत प्रदान करे।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की इस विषय मे समय समय पर हुई बैठकों में निर्देश के बाद भी चूरू नगरपरिषद प्रशासन ने समय रहते ध्यान नहीं दिया। इसलिए इस कार्य मे लापरवाही बरतने वाले अधिकारी व ठेकेदारों को दंडित किया जाना चाहिए।

कांग्रेस नेता आरिफ खान पीथीसर ने कहा इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी जगह -जगह रास्ते अवरुद्ध हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी समुचित जांच करवाते हुए निस्तारण करें।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के विकास मील, अरविंद भाम्भू,जयचंद मेघवाल, मकसूद खान(बबलू), पार्षद शाहरुख खान, पूर्व पार्षद सत्यनारायण, मुबारक भाटी आदि उपस्थित थे।

# दीवाना शाह की दरगाह पर परचम कुशाई में हजारों लोगों ने की शिरकत

भीलवाड़ा (रॉयल पत्रिका) । कपासन प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. के यौमे विलादत (जन्मोत्सव) के मौके पर हर्षोउल्लास से परचम कुशाई (झण्डा) पेश करने की रस्म में हजारों लोगों ने शिरकत की। भीलवाड़ा के आशिके दीवाना द्वारा 5.250 किलो ग्राम चाँदी का चिराग पेश किया।

दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी के अनुसार बाबा हुजूर हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. के 25 मोहरर्म को यौमे विलादत के मौके पर छीपा दाउद सेठ, हाजरा माँ, पूर्व दरगाह वक्फ कमेटी के सदर मरहूम निसार अहमद का परिवार भीलवाड़ा से अलम लेकर बुधवार शाम को दरगाह शरीफ पहुंचा। गुरूवार को बाद नमाज़े जौहर के आस्ताना ऐ आलिया में अलम शरीफ पेश किया जहाँ हम्दो, नात शरीफ, मनकबत व सलातो सलाम व फातिहा ख्वानी के बाद अलम दरगाह वक्फ कमेटी के सदस्य अशफाक तुर्किया, हाजी जेनुलहसन, इमरान मेवाती लेकर मोमीन मोहल्ला स्थित बाबा हुजूर की कुटिया पर पेश कर वहा से जुलूस के साथ दरगाह शरीफ स्थित बुलन्द दरवाजा पर पहुंचा जहाँ कमेटी सदस्यों ने जुलूस का स्वागत किया। बाद नमाज़े असर के आस्ताना ऐ आलिया के उत्तर-पूर्व कौने पर एवं बुलन्द दरवाजे पर नारों के साथ कमेटी सदस्यों ने अलम पेश किया।

इस मौके पर पीरे तरीकत सैयद आदिल अली कादरी जावद, शहर काजी मोहम्मद सईद, एडवोकेट सैयद अशफाक अली, नगरपालिका उपाध्यक्ष सैयद ऐजाज अली, शहर काजी अब्दुल मुस्तफा, मोलाना मोहम्मद सलीम अशरफी, पूर्व सी.आई. फैज मोहम्मद शैख चित्तौड़गढ़, मास्टर नूर मोहम्मद मेवाती, मास्टर हाजी फकीर मोहम्मद शाह, नियाज मोहम्मद सोरगर, हाजी सैयद शरीफ अली, मेवालाल खटीक पूर्व पी.टी.आई., लाला व्यास, सैयद असलम अली उर्फ बंटी, अब्दुल गफ्फार खाँ उर्फ गुड्, हाजी हारून काजी, इमरान भिश्ती कपासन मौजूद थे। एवं आशिके दीवाना द्वारा ड्रॉन से गुलाब के फूल बरसाकर, केक काटकर, खीर खिलाकर, आम नियाज कर अपनी खुशी का इजहार किया।

वही हुसैनी बैण्ड की मधुर ध्वनी से दरगाह परिसर गूंज उठा। अरविन्द प्रकाश जैन कांकरोली, कालू भाई कोटा, एडवोकेट मोहम्मद शरीफ खाँ भीलवाड़ा, हाजी अब्दुल करीम अंसारी, सैयद ताहिर अली, इकबाल रंगरेज, सलीम डायर, बबला भाई राज बैण्ड उदयपुर, शोएब लाला निम्बाहेडा, हाजी युसूफ मंसूरी, हाजी आजाद हुसैन पूर्व उपसरपंच सांवलियाजी, मुबारिक हुसैन अजनबी आमेट, अलाउद्दीन नीलगर कांकरिया, हाजी शकूर मोहम्मद सिन्धियाखेड़ा, हाजी याकूब खाँ जाशमा, कमरूद्दीन मंसूरी पहुंना, मोहम्मद रफीक खाँ उपरेडा, उस्मान खाँ भाबरा जिला अलीराजपुर (मध्य प्रदेश) एवं हजारो की संख्या मे जायरीने दीवाना व आशिके दीवाना मौजूद थे। गुरूवार प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक अहमद कबीर मंजिल में दीवाना शाह माध्यमिक विद्यालय के छात्र/छात्राओ द्वारा बाबा हुजूर के इस मुबारक मौके पर अहमद कबीर मंजिल मे हम्द, नात, मनकबत पेश कर बाबा हुजूर की जीवनी पेश की।

पूर्व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी लियाकत अली सोरगर एवं दिन-भर आशिके दीवाना व जायरीने दीवाना द्वारा फूल, ईत्र, अगरबत्ती, चादर पेश कर यौमे विलादत की मुबारक पेश करने का तांता लगा रहा। इस मौके पर आशिके दीवाना द्वारा आम न्याज का अहतमाम किया गया। एवं उदयपुर के इमरान फ्लावर वाले ने पुरा आस्ताना एवं चाँदी की जाली को असली फूलो से सजाया।

इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

# रेलवे स्टेशन अधीक्षक आमीन खान की सेवा निवृत्ति पर सम्मान समारोह

चूरू (रॉयल पत्रिका)। एम ए पठान जिला मुख्यालय पर रेलवे स्टेशन अधीक्षक आमीन खान की सेवा निवृत्ति पर सन् सिटी होटल में आयोजन किया गया। इससे पूर्व स्टेशन ऑफिस पर स्टाफ द्वारा फूल माला व पगड़ी पहनाकर



सम्मान किया गया।वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा जीसमे एस एस सुरेश कुमार माथुर एवं यूं पी आर एम एस मंडल मंत्री अशफाक खान बीकानेर ने कहा आमीन खान ने अपनी ड्यूटी के दौरान हमेशा निष्ठा से कार्य किया और सभी पर एक अच्छी छाप छोड़ी संवेदनशीलता कर्तव्य निष्ठा एवं सरलता प्रेरणादाई है उनका कार्य अनुभव श्रेष्ठ रहा है। ईमानदारी के साथ आज सेवानिवृत हुए हैं ।इनके अनुभव जूनियरों को एक सीख देते हैं। कार्यक्रम में मण्डल के उपाध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा बीकानेर, सचिव पवन कुमार गोड, धर्मेंद्र कुमार शर्मा बीकानेर ,धर्मवीर ,जे आर योगी ,मनोज कुमार मिश्रा लुहारू, रविंद्र कुमार महेंद्रगढ़, विनोद कुमार खारडिया, रेलवे डॉ अबरार खान, डॉ पुष्पा खारड़िया, डॉ अख्तर खान, डॉ सरफराज खान, हाजी भवरु खान दौलत खानी, बशीर खान दौलतखानी, जावेद खान,परवेज अली आदि। गण मान्य लोग मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय साहित्य परिषद करेगी सभी भाषाओं के लेखकों का सम्मान

पाली (रॉयल पत्रिका) । अखिल भारतीय साहित्य परिषद पाली द्वारा जिले के सभी भाषाओं के लेखकों, कवियों को रविवार को पंचायत समिति पाली के सभागार में सम्मानित किया जायेगा। विभाग संयोजक दिनेश मीणा एवं जिला अध्यक्ष भंवर सिंह राठौड़ चोटिल ने बताया कि जिले में प्रथम बार इस प्रकार का आयोजन होगा जिसमें सभी भाषाओं के लेखकों को सम्मानित किया जायेगा। समारोह में संत सानिध्य इस्कॉन मंदिर प्रमुख कार्तिककृष्ण प्रभु, मुख्य वक्ता पूर्व आईएएस वरिष्ठ साहित्यकार डा. श्याम सिंह राजपुरोहित जयपुर, मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर पाली डा. राजेश गोयल, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डा. मदन राजपुरोहित, वंदेमातरम शिक्षण संस्थान निदेशक राजेन्द्र सिंह भाटी, प्रांत मीडिया प्रमुख पवन पाण्डेय, शिव प्रताप सिंह बाघेला निदेशक नोबल शिक्षण संस्थान



उ.मा.विद्यालय जैतारण एव अध्यक्षता अखिल भारतीय साहित्य परिषद जोधपुर प्रांत अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष डा. अखिलानंद पाठक बीकानेर करेगें।

इनका होगा सम्मान

सीताराम जोशी अध्यक्ष साहित्य साधना समिति, डा. राघव प्रसाद पाण्डेय संपादक विजयानंद पत्रिका रानी, डा. आशा पाण्डेय ओझा संस्थापक त्रिसुगंधि साहित्य कला व संस्कृति संस्थान, संत हनुवंत किंकर लेखक किंकर रामायण राजस्थानी, विजय कृष्ण नाहर वरिष्ठ इतिहासकार, नारायण सिंह राजपुरोहित शिक्षा सेवी एवं खंड विकास अधिकारी रानी, अब्दुल समद राही अध्यक्ष शबनम साहित्य परिषद सोजत सिटी, डा. जगवीर सिंह खंगारोत संपादक विजय रश्मि, डा. अजीत सिंह पोमावत, ढगलाराम बागड़ी मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी रायपुर, मनीष कुमार अनैतिक , तृप्ति पाण्डेय, दिनेश सूत्रधार, विनोद सिंह ढालोप, हरीश सुवासिया, डा. अनंत नारायण सिंह निदेशक नोबल शिक्षण संस्थान फालना, डा. दीप्ति चतुर्वेदी, सत्यनारायण सिंह राजपुरोहित, बाबूलाल जी वैष्णव जैतारण को सम्मानित किया जायेगा।

# शहर में सफाई व्यवस्था चौपट - दर्द

पाली (रॉयल पत्रिका) । जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजीज दर्द ने कहा कि सफाई कर्मियों की हड़ताल से शहर में पूरी तरह व्यवस्थाएं चौपट हो चुकी है। शीघ्र निस्तारण के लिए जिला प्रशासन को कोई निर्णय करना चाहिए|

दर्द ने बताया कि पूरे शहर में गंदगी और कचरे के ढेर नजर आने लगे हैं। पूरे शहर की नालियां डटी हुई है। और गंदा पानी और कचरा सड़कों पर आ रहा है। जहां-जहां नालियों का पानी इकट्ठा हो रहा है उसके आसपास बदबू के कारण लोगों का रहना दुभर हो गया है। डोर टू डोर कचरा संग्रहण न होने के कारण सभी बस्तियों में कचरा फैला पड़ा है। बारिश और उमस के कारण मच्छरों की तादाद लगातार बढ़ती गई तो कई तरह की बीमारियां फैलने की संभावनाएं बनती जा रही है। अगर इसी प्रकार सफाई कर्मचारियों की हड़ताल दो-चार दिन और चली तो गंदगी के कारण शहर में वह आसपास के सभी इलाकों में महामारी जैसे हालात हो सकते हैं। वैसे तो पाली में बड़े-बड़े नेता जिसमें सता पक्ष के लोकसभा सदस्य, राज्यसभा सदस्य और 9 नगर पालिकाओं पर भाजपा काबिज है। इसके साथ ही जिला प्रमुख और जिले में नो प्रधान भाजपा के हैं। और यह कहते हैं कि हमारी डबल इंजन की सरकार है। उसमें ड्राइवर एक भी नहीं लगता है। जिले में इनके इतने विधायक होते हुए भी जिले का कोई धनी धोरी नहीं है। अगर महामारी फैल गई तो यह जवाबदारी किसकी होगी। कांग्रेस पार्टी लगातार लाइट पानी और लचर कानून व्यवस्था को लेकर संघर्ष कर रही हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के माध्यम से और जिले में सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के माध्यम से ज्ञापन दिए जा रहे हैं। और मांग की जा रही है कि जिले में लगातार बढ़ रहे अपराध नियमित रूप से पानी बिजली की सप्लाई नहीं होना लगातार चोरियो की तादाद बढ़ना झगड़ा. फसाद. हत्या व लूट की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है।

नगरीय निकाय और जिला प्रशासन को सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त करने के लिए उनसे वार्ता करनी चाहिए। और उनकी जायज मांगों को मानकर उनके आंदोलन को समाप्त करने की तरफ तत्काल कदम बढ़ाने चाहिए।

जिससे आम जनता को जो परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उससे छुटकारा मिल सके लगातार सफाई कर्मचारी हड़ताल पर है। शहर के शहर गांव के गांव गंदगी से डटे पड़े हैं। और राजस्थान सरकार गहरी नींद में सोई हुई है। जबकि हड़ताल शुरू होते ही सफाई कर्मचारियों के नेताओं को बुलाकर उनकी जायज मांगे मानते हुए सरकार को उचित कदम उठाकर सहानुभूति पूर्वक विचार करके हड़ताल को समाप्त करने के लिए मजबूत प्रयास करने चाहिए थे। लेकिन कुंभकरणीय नींद में सोई हुई भाजपा की सरकार जो हर मोर्चे पर विफल रही है । वह एक सफाई कर्मचारियों के मुद्दे पर भी कामयाब नहीं हो पा रही है ।

# एक पौधा मां के नाम पर किया पौधा रोपण

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर एक पौधा मां के नाम पर रॉयल पौधा मां के नाम लगाने कि अपील की थी जिस में चूरू में इन्दिरा मेमोरियल पब्लिक स्कूल में पौधे लगाकर नवाचार किया गया




विकलांग विकास संस्थान टीम की और से स्थानीय इन्दिरा मेमोरियल पब्लिक स्कूल में प्रदेशाध्यक्ष अख्तर खान रूकनखानी इन्दिरा मेमोरियल पब्लिक स्कूल सचिव हाजी युसूफ खान रूकनखानी समाजसेवी नौशाद खान , जाफर खान ,के साथ पौधे लगाए इस अवसर पर खान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने मन कि बात कार्यक्रम में 111 वे संस्करण में देशवासियों से एक इस नवाचार से सभी अध्यापक विधार्थी एवं उनके अभिभावक अति उत्साहित हुए इस मौके पर समाजसेवी डॉ युनस खान रूकनखानी शिक्षा अनुदेशक असलम खान शिक्षा अनुदेशक जान मोहम्मद बुद्धाराम मेघवाल ,आरिफ खान ,कालू मोहम्मद ,युसूफ ,हिम्मत ,जिया खान , अरूशाह खान, जैनब खान, अल्वी खान, रिया खान आदि मौजूद थे।

# गरडाली से गांधव तक पुरी तरह हाईवे क्षतिग्रसत, वाहन चालक परेशान

**-सांचौर नेशनल हाईवे 68 पहली बारिश में पेचवर्क बिखर गया, खोड़ा बॉडर से गांधव तक 6 माह पूर्व करीब 29 करोड़ की लागत से बना था, अब गड्ढों में तब्दील वाहन खा रहे हिचकोले, प्रशासन मौन।**


सांचौर (रॉयल पत्रिका) । बाड़मेर से काइला को जोड़नें वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 68 गुजरात के खोड़ा बॉडर से गांधव तक करीब पिछले 6 माह पूर्व पेचर्वक कर तैयार किया था। मानसून की पहली बारिश के साथ ही नेशनल हाईवे की गुणवत्ता की पोल खोल दी और नेशनल हाईवे गड्ढों में तब्दील हो गया। गांधव से गुजरात बॉडर तक सड़क पीडब्ल्यूडी के अंडर में थी, लेकिन बीते साल इसको नेशनल हाइवे अथॉरिटी को हैंड ओवर किया गया। जिसके बाद एनएचआई ने गांधव से गुजरात बॉडर तक डामरीकरण करवाया था। करोड़ो रूपए की लागत से बना हाइवे विभाग की उदासीनता का खामियाज भुगत रहा है। लेकिन अब 6 माह के बाद नेशनल हाईवे पर डामरी के नामों निशान तक नहीं रहा आखिर किसे दौष दे। शहर के सच विहार से लेकर कारोला, धमाणा तक सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। हाईवे की सड़क पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गई है। जगह-जगह गड्ढे हो गए है लेकिन जिम्मेदार ध्यान नही दे रहे है। खासकर दुपहीया वाहन चालकों अपनी जान गवाने का डर रहता है जो दुपहीया वाहन चालकों को यह नेशनल हाईवे आफत बन रहा है। रात्रि की बात दूर दिन



में भी हाइवे पर चलना खतरे से खाली नहीं है। हाइवे के गड्ढ़ों में भरा किचड़ वाहनों, राहगीरों व आस-पास के व्यापारिक प्रतिष्ठानों के लिए परेशानी का सबब बन चुका है। गत साल दिसम्बर माह में क्षतिग्रस्त हाइवे का पेचवर्क किया गया था। लेकिन पहली ही बरसात में पेचवर्क उखड़ गया और हाइवे पुनः गड्ढों में तब्दील हो गया है। गुजरात बॉडर से बाड़मेर को जोड़ने वाला नेशनल हाइवे जो सांचौर मुख्यालय से होकर निकलता है। गरडाली से गांधव तक 35 किमी लम्बा है पुरा हाइवे खस्ताहाल है। प्रशासन के अधिकारी भी इसी हाइवे से होकर सरकारी विजीट करने के लिए आते जाते रहते है। प्रशासनिक अधिकारी भी हाइवे के हालात को सुधारने को लेकर गम्भीरता नहीं दिखा रहे है। ऐसे में हाइवे की हालात राम भरोसे है।

# अतिक्रमण को नही किया जायेगा बर्दाश्त, करें सख्त कार्रवाई - जिला कलक्टर मंत्री

पाली (रॉयल पत्रिका)। जिला कलेक्टर एल एन मंत्री गुरुवार को जिले के सोजत ब्लाक के सिणगारी राजीव गांधी सेवा केंद्र में राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं व अधिकारियों के साथ बैठक लेकर कलक्टर ने बारी बारी से आमजन की समस्याओं की सुनवाई की । आयोजित जनसुनवाई में में कुल 31 प्रकरण प्राप्त हुए जिसमें से 3 का हाथो हाथ निस्तारण किया गया। इनमें विद्त विभाग के - 5 प्रकरण, पंचायतीराज के -4 रेवेन्यू के - 11,जलदाय



आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने निर्देश दिये कि गांवों में रास्ते रोकने के मामलों और अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और उन पर सख्त कार्रवाई की जावे। जिला के- 2 सार्वजनिक निर्माण विभाग -1रिको - 1 सीडीपीओ - 1रसद - 1माईनिंग - 1 रोड़वेज - 1रेल्वे - 1 के प्रकरण प्राप्त हुये जिनको विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में निस्तारण के निर्देश दिए।

# लाचार कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

पाली (रॉयल पत्रिका) । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार आज पाली जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अजीज दर्द के नेतृत्व में प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था को लेकर ज्ञापन दिया गया। जिसमें पाली जिले में विद्त एवं पेयजल को लेकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में बिजली व पेयजल आपूर्ति सही नहीं होने के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्त आपूर्ति बाधित होने से आमजन एवं व्यापार - उद्योग के साथ साथ पशुधन आदि को भी भयंकर परेशानियां हो रही है। यह जानकारी देते हुए जिला महासचिव रफीक चौहान ने बताया कि इस संदर्भ में आज 31 जुलाई बुधवार को प्रातः 11:00 बजे कलेक्टर कार्यालय के बाहर कांग्रेस जनों के साथ नारेबाजी करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर पाली जिला कलेक्टर महोदय को ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, पीसीसी महासचिव भुराराम सिरवी, शिशुपालसिंह राजपुरोहित, पीसीसी सदस्य महावीरसिंह सुकरलाई, पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीवराज बोराणा, पुर्व ब्लॉक अध्यक्ष मेहबूब टी, पुर्व महासचिव अरूण जोशी, पुर्व प्रतिपक्ष नेता भंवर राव, जिला महासचिव रफीक चौहान, मण्डल अध्यक्ष अशोक गोड, राजुभाई बंजारा, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष लाल मोहम्मद सिंधी, ओबीसी जिलाध्यक्ष गोविन्द बंजारा, ताराचंद टांक, प्रकाश सांखला, पुष्पराज सोनी, आमीन अली रंगरेज, दिनेश दवे, दिलीप सिंह रावलवास, भेराराम गुर्जर, मांगुसिह दूदावत, लक्ष्मण कच्छवाहा, इरफान पठान, इमरान खिलजी, शहजाद शेख, कृष्णा सांसी, कमरुद्दीन पठान, मेहराज चुडीगर, जीशान अली रंगरेज, अरबाज खान, अनवर खां सहित सैकड़ों कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# बाल गृहों का आकस्मिक निरीक्षण किया

पाली (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार विक्रम सिंह भाटी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश), पाली द्वारा गुरूवार को राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह, पाली तथा राजकीय शिशु गृह, पाली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव भाटी द्वारा राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह तथा शिशु गृह की साफ-सफाई, बालकों के लिये स्वच्छ कपड़ें, बिस्तर, भोजन व आहार, चिकित्सा व्यवस्था, पालनागृह, भवन की भौतिक स्थिति, गर्मी के मौसम को देखते हुए पर्याप्त संख्या में कूलर/ए.सी. की उपलब्धता आदि व्यवस्थाओं बाबत जायज़ा लिया। साथ ही सचिव भाटी द्वारा गृह में आवासित बालकों से वार्तालाप किया गया तथा गृह में मिलने वाली सुविधाओं तथा अध्ययन के संबंध में जानकारी ली गई।

# स्कूल के टॉपर्स छात्र-छात्राओं को हवाई यात्रा

## -स्कूल के अध्यापकों ने मिलकर उठाया खर्च

बारां (रॉयल पत्रिका)। जिले के अंता तहसील के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बालाखेडा के अध्यापकों ने स्कूल के बच्चों को 10वीं व 12वीं बोर्ड में टॉपर्स के प्रति आकर्षित करने के लिए स्कूल में एक पहल की जिसमें टॉपर्स आने वाले बच्चों को हवाई जहाज से जयपुर से नई दिल्ली की यात्रा करवाई गई। बच्चों के परिजनों की सहमति से यह यात्रा संभव हुई । दिल्ली में बच्चों को जतंर मंतर, समाधि स्थल, इण्डिया गेट, आदि दिखाया गया। वरिष्ठ अध्यापक अनिरूद्‌घ सिंह ने बताया कि मैं आर्मी से रिटायर्ड हूँ । मैने बच्चों का शिक्षा के प्रति उत्साह बढाने के लिए कक्षा 12वीं बोर्ड में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा पायल रैगर को स्वंय के खर्च पर हवाई यात्रा करवाई गई है । पायल रैगर के अलावा तीन बच्चो ( गुलशन रैगर, टीना रैगर, दिव्या वैष्णव ) की हवाई यात्रा का पचास प्रतिशत खर्च स्कूल के अध्यापकगण बहादुर सिंह, मंजू मालव, शशी मालव द्वारा वहन किया गया।

बालिका पायल रैगर ने बताया की मैने सोचा नही था कि मुझे हवाई जहाज में बैठने का मौका मिलेगा । यही सब मेरे शिक्षक अनिरूद्‌घ सिंह की पहल से संभव हो सका। पायल इस यात्रा से बहुत खुश नजर आई। सरकारो को भी ऐसी पहल करना चाहिए जिससे सरकारी विधालयो के प्रति लोगो का रूझान बढ सके।



# धर्म के नाम पर नफरत फैलाना अधर्म : रूबी

नई दिल्ली । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान कांग्रेस कमेटी की सचिव श्रीमती रूबी खान ने यहां कहा की भाजपा हमेशा धर्म की राजनीति करती रही है परन्तु भगवान के नाम पर जनता को गुमराह करना एवं नफरत फैलाना धर्म नहीं अधर्म है।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में भाजपा ने देश में धार्मिक उन्माद बढ़ाने का काम बहुत सुनियोजित तरीके से किया। लेकिन वास्तविकता यह भी है कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों एवं विधानसभा चुनावों में अधिकांश धार्मिक नगरियों जैसे अयोध्या, चित्रकूट, होगी। सीतापुर, शिवगंगा, प्रयागराज, नासिक, रामटेक, बद्रीनाथ, श्रावस्ती, मंगलौर (जिला- हरिद्वार) में भाजपा की हार हुई है। रूबी खान बोलीं-यह जनता- जनार्दन का एक स्पष्ट संदेश है कि इस देश में धार्मिक उन्माद की राजनीति को स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं अधर्म की बात करने वालों पर विजय हमेशा धर्म की होगी।



# ख्वाजा गरीब नवाज़ अमन कमेटी की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

## -मेधावी विद्यार्थी,सेना से सेवानिवृत सैनिक, पत्रकारों और वीरांगना का किया सम्मान
## -पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । जयपुर के झोटवाड़ा इलाके में ख्वाजा गरीब नवाज़ अमन कमेटी की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहा बड़ी संख्याओं में श्रोता पहुंचे,वही सम्मान समारोह कार्यक्रम में कांग्रेस के पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और मेधावी विद्यार्थियो, सेना के सेवानिवृत सैनिक ,वीरांगनाओ और पत्रकारों को सम्मानित किया गया, साथ ही सामाजिक,राजनीतिक एवं समाज के दूसरे मुद्दों को लेकर समाज सचेत करने में अहम भूमिका को अदा करने के लिए रॉयल पत्रिका संपादक डॉ. मुन्ना खान एवं कई अन्य पत्रकारों को ख्वाजा गरीब नवाज कमेटी की ओर से सम्मानित किया गया, वही श्रोताओ को संबोधित करते हुए पीसीसी चीफ डोटासरा ने कहा 36 कौम की बिरादरी को साथ लेकर चल रही है कांग्रेस पार्टी, वही बेबाक अंदाज में कहा जो डर गया समझो मर गया, जीवन में हमेशा सच्चाई का साथ दीजिए,और निडरता से जीवन जिए, कार्यक्रम में वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ खानू खान बुधवाली,विधायक अमीन कागजी,विधायक रफीक खान,विधायक अभिमन्यु पुनिया,कांग्रेस नेता विक्रम सिंह शेखावत,विधायक हाकम अली,विधायक पूसाराम चौधरी, पूर्व IAS असफाक हुसैन, समाजसेवी शब्बीर शेख सहित अन्य कार्यकर्ता व पधाधिकारी मोजूद रहे, इस अवसर पर अमन कमेटी के महासचिव अब्दुल अय्यूब गौरी, सचिव गुलाम रसूल मंसूरी, संयोजक हाजी रसूल खान खोखर, संरक्षक अयाज मोहम्मद, सहसंरक्षक हाजी मकसूद खान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अकबर खान कसली, उपाध्यक्ष मुराद खान रॉयल, उपाध्यक्ष रफीक खान कुचामन, कोषाध्यक्ष अलादीन खान, सहकोषाध्यक्ष इब्राहिम खान,प्रवक्ता दौलत खान सुद्रासन एवं कमेटी के ज्यादातर सदस्य मौजूद रहे। गरीब नवाज़ कमेटी के अध्यक्ष फारुक खान गनेड़ी ने आए हुए सभी अतिथियो का धन्यवाद ज्ञापित किया ।
























मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए डीबी प्रिंट सोल्यूशन्स (यूनिट ऑफ डीबी कॉर्प लि.) 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886, G-mail : royalpatrika@gmail.com, Yahoo : royal_patrika@yahoo.com